▪ वैशाख शुक्ल - 6 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 286 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 14-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 राहुल गांधी वोट बैंक खोने के डर से राम मंदिर नहीं गए : अमित शाह

6 पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान

7 वेब सीरीज 'स्टारडम' में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे शाहरुख



## फर्स्ट टेक

### छह अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी निकली अफवाह

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु के छह निजी अस्पतालों को ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी दी गई लेकिन यह अफवाह निकली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने शहर के इन अस्पतालों में खोजी कुत्तों और बम निरोधक दल के साथ व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''इन अस्पतालों के परिसर में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है।'' उन्होंने कहा, ''यह महज अफवाह थी।'' अस्पतालों को रविवार को भेजे गए ईमेल में दावा किया गया, ''मैंने आपकी इमारत में विस्फोटक लगाए दिए हैं। वे अगले कुछ घंटों में फट जाएंगे। आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ ही घंटे हैं अन्यथा इमारत के अंदर निर्दोषों का खून बहेगा।''

### 14 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने छह महिला नक्सलियों समेत 14 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी और कहा कि गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में से 11 के सिर पर कुल 41 लाख रुपये का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुतवेंडी–पीड़िया गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने छह महिला नक्सलियों समेत 14 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### विश्व की यादगार पांडुलिपियों की सूची में मानस, पंचतंत्र की पांडुलिपि

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** रामचरितमानस की चित्रित पांडुलिपि सहित दो अन्य पांडुलिपियां को एशिया– प्रशांत क्षेत्र की प्राचीन प्रसिद्ध पांडुलिपियों की सूची में स्थान दिया गया है। देश की राजधानी में स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के डीन (प्रशासन) एवं कला निधि प्रभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश चंद्र गौड़ ने सोमवार को यह जानकारी दी। रामचरितमानस की चित्रित पांडुलिपि के साथ ही सहृदयलोक–लोचन की पांडुलिपि (भारतीय काव्यशास्त्र का महत्वपूर्ण पाठ) और पञ्चतन्त्र की पांडुलिपि को भी विश्व की यादगार पांडुलिपियों की सूची में स्थान दिया गया है। एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए विश्व की स्मृति समिति (मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमिटि फॉर एशिया एंड द पैसिफिक–एमओडब्ल्यूसीएपी) की 10वीं बैठक में भारत से तीन नामांकन सफलतापूर्वक यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया–प्रशांत क्षेत्रीय रजिस्टर' में शामिल हो गए।

# मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहा हैं 'इंडी' गठबंधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**छपरा/हाजीपुर/मुजफ्फरपुर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला करते हुए कहा कि इसके लोग ''मुंगेरीलाल के हसीन सपने'' देख रहे हैं तथा उन्होंने फॉर्मूला तैयार किया है कि सत्ता में आने की स्थिति में वे पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाएंगे।

बिहार के हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और सारण लोकसभा क्षेत्रों में एक के बाद एक तीन रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, '' 'इंडी' गठबंधन वाले आजकल 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' देख रहे हैं कि केंद्र में इनकी सरकार बन जाएगी। इन लोगों ने पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने के बारे में सोचा है। पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे तो देश का भला होगा क्या।''

मोदी ने कहा, ''यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है। आज दुनिया में भारत की साख भी है और भारत की धाक भी है। यह चुनाव देश की साख, धाक और रुतबा बढ़ाने के लिए है।'' उन्होंने कहा कि यह हिंदुस्तान का भविष्य तय करने, नेतृत्व चुनने का चुनाव है और देश को कांग्रेस की कमजोर, डरपोक एवं अस्थिर सरकार बिलकुल नहीं चाहिए।

'इंडि' गठबंधन में शामिल नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला का नाम लिए बिना उनके हालिया बयान की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा, ''ये 'इंडी' गठबंधन के नेताओं के कैसे बयान आ रहे हैं। ये लोग इतने डरे हुए हैं कि इनको रात में सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है। कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे भाई, हम पहना देंगे। उनको आटा भी चाहिए, बिजली भी नहीं है। अब हमको मालूम नहीं था कि उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं।''

जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस दावे के जवाब में टिप्पणी की थी कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग भारत का हिस्सा बनना चाहते हैं।





**वाराणसी में रोड शो** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार की शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद एक रोड शो किया। करीब छह किलोमीटर लंबे इस रोड शो के दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया। मोदी आज काशी के कोतवाल कहे जाने वाले काल भैरव का दर्शन करने के बाद वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। मोदी ने इसके पहले 2014 और 2019 में वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव जीता था और अबकी बार यहां से तीसरी बार उम्मीदवार बनेंगे।

### आज मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है : मोदी

**वाराणसी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार नामांकन पत्र दाखिल करने से एक दिन पहले सोमवार को गंगा नदी के प्रति अपने विशेष लगाव को प्रकट करते हुए कहा, ''आज मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है''। मोदी ने सोमवार को काशी में लंका से काशी विश्वनाथ धाम तक करीब छह किलोमीटर लंबा रोड शो करने के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट कर कहा, बाबा विश्वनाथ की नगरी की देवतुल्य जनता–जनार्दन का नमन और वंदन! आज मेरा रोम–रोम काशी के कण–कण का अभिनंदन कर रहा है। उन्होंने कहा, रोड शो में आप सबसे जो अपनत्व और आशीर्वाद मिला है, वो अकल्पनीय और अतुलनीय है। मैं अभिभूत और भावविभोर हूं! प्रधानमंत्री ने इसी संदेश में 2014 के अपने एक बयान की याद दिलाते हुए कहा, आपके स्नेह की छांव में 10 वर्ष कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। तब मैंने कहा था कि मां गंगा ने मुझे बुलाया है। आज मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है।

**ईवीएम-वीवीपैट विवाद पर**

## 26 अप्रैल के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** उच्चतम न्यायालय में एक पुनर्विचार याचिका दायर कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान)100 फीसदी तक



बढ़ाने या पुरानी मतपत्र प्रणाली वापस लाने की मांग वाली याचिकाएं खारिज करने के 26 अप्रैल के फैसले की समीक्षा की गुहार लगाई गई है। याचिकाकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल की ओर से वकील नेहा राठी ने यह याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया है कि 26 अप्रैल 2024 के शीर्ष अदालत के आदेश में स्पष्ट रूप से खामियां हैं। ऐसे पर्याप्त कारण थे जिनकी वजह से इसकी समीक्षा की आवश्यकता है। याचिका में कहा गया है, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति नहीं देती कि उनके वोट सटीक रूप से दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा उनकी प्रकृति को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें विशेष रूप से डिजाइनरों, प्रोग्रामर, निर्माताओं, रखरखाव तकनीशियनों आदि जैसे अंदरूनी सूत्रों द्वारा दुर्भावनापूर्ण परिवर्तनों के प्रति संवेदनशील हैं। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान में वीवीपैट पेपर पर्चियों में से 5 फीसदी मतों का मिलान किया जाता है। उक्त आंकड़ा तथ्यात्मक रूप से गलत है और वास्तव में ईवीएम के सत्यापन के लिए 2 फीसदी से भी कम वीवीपैट पर्चियों की गिनती की जाती है। उक्त तथ्य को तत्काल मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं द्वारा मौखिक रूप से भी बताया गया था। याचिकाकर्ता ने ईवीएम की सिस्टम लोडिंग इकाइयों पर भी दावा किया और कहा कि इस पर पूरी चर्चा में इस तथ्य को नजरअंदाज किया गया कि यह असुरक्षित है और इसके ऑडिट की आवश्यकता है।



## बिहार के पूर्व उपमुख्मंत्री सुशील मोदी का निधन

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का आज यहां निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। मोदी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में गले के कैंसर के असाध्य रोग से जूझ रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने एक्स पर अपने शोक संदेश में कहा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुशील मोदी जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। विद्यार्थी परिषद से लेकर अभी तक हमने साथ में संगठन के लिए लंबे समय तक काम किया। सुशील मोदी जी का पूरा जीवन बिहार के लिये समर्पित रहा। बिहार को जंगलराज से बाहर निकालकर विकास के पथ पर लाने में सुशील मोदी जी का प्रयास बहुत मददगार रहा है। उनका ना होना असंख्य कार्यकताओं के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# मुंबई में हॉर्डिंग गिरने से 8 की मौत

## मौसम के अचानक करवट लेने से तेज बारिश के साथ आई धूल भरी आंधी

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को सोमवार को जोरदार आंधी ने हिला डाला। धूल भरी इस आंधी के चलते लोग जहां के तहां फंस गए और कई जगहों पर ट्रैफिक बाधित रहा। कई उड़ानों पर भी इसका असर पड़ा है। तेज हवाओं के चलते कहीं पेड़ गिर गए तो कहीं बैनर और बिलबोर्ड्स आदि आंधी में नीचे आ गिरे। एक ऐसा ही बड़ा सा बिलबोर्ड गिरने के चलते 8 लोगों की मौत हो गई और 64 लोग घायल हैं। 20 से ज्यादा लोग अंदर फंसे बताए जा रहे हैं। घायलों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल का दौरा करने वाले बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी ने कहा, 'अब तक राजावाड़ी अस्पताल में कुल 64 लोग



एडमिट हुए हैं। 4 लोगों को अस्पताल में मृत घोषित किया गया और 4 लोग मौके पर ही मृत पाए गए थे।'

बिलबोर्ड गिरने की घटना मुंबई के घाटकोपर इलाके की है। बिलबोर्ड एक पेट्रोल पंप के सामने लगा था, जो आंधी आने पर पंप के बीचोंबीच जा गिरा, जहां कुछ लोग मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक, घाटकोपर में होर्डिंग ढहने की घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दुर्घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5–5 लाख रुपये की मदद का ऐलान किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मलबे में फंसे जीवित बचे लोगों की तलाश की जा रही है।



# चौथे चरण में लोक सभा की 96 सीटों पर मतदान 63 प्रतिशत से अधिक

## आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों और ओडिशा विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 28 सीटों पर भी मतदान करवाया गया

- चौथे चरण के चुनाव में लोकसभा की 96 सीटों पर कुल 1717 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं
- चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान कराया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार 63.18 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

चौथे चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों और ओडिशा विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 28 सीटों पर मतदान कराया गया। चुनाव आयोग द्वारा शाम साढ़े आठ बजे तक उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार इन दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव में क्रमश: 68.20 और 64.23 प्रतिशत मतदान हुआ।

सुबह सात शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चला। कुछ स्थानों पर मतदान का समय शाम सात बजे तक बढ़ाया गया था। आयोग के सूत्रों ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। जम्मू–कश्मीर की श्रीनगर सीट सहित कई निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गयीं। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से मतदाता अपनी परम्परागत वेशभूषाओं में देखे गये।

चौथे चरण में सर्वाधिक 76.08 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ जबकि आंध्रप्रदेश में 68.20 ,बिहार में 56.12 प्रतिशत,झारखंड में 64.30, मध्यप्रदेश में 70.35 प्रतिशत महाराष्ट्र में 53.06, ओडिशा में 64.23, तेलंगाना 61.69, उत्तर प्रदेश में 58.02 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 रद्द किये जाने के बाद हो रहे पहले चुनाव में श्रीनगर सीट पर 37 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

**जयशंकर ने चीन मुद्दे पर कहा**

## नेहरू की गलतियों के लिए मोदी को जिम्मेदार ठहरा रही है कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस चीन पर टिप्पणी करते समय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई गलतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराती है, और ऐसे दिखाती है कि उसका कोई दोष नहीं है।

लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में चीनी अतिक्रमण को लेकर जयशंकर ने कहा कि चीन ने 1958 और 1962 में भारतीय जमीन पर कब्जा किया था और कुछ पर तो 1958 से पहले कब्जा किया था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जयशंकर ने कहा कि अपने ही सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना बहुत ही दुखद बात है। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा, ''जब आप



कहते रहते हैं कि चीन ने जमीन ले ली, तो वह जमीन तो 1962 में ही चली गई थी। मैं देखता हूं कि देश को गुमराह करने की कोशिशें की जा रही हैं।''

चीन और भारत के संबंधों में असहजता देखी जा रही है, खासकर जून 2020 की गलवान घाटी की घटना के बाद रिश्तों में गतिरोध आया, जब चीनी और भारतीय सैनिक आपस में भिड़ गए थे, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के सैनिक हताहत हुए।

तब से भारत–चीन संबंध 'असामान्य स्थिति' में हैं और दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपने सैनिकों को तैनात कर रखा है।

**निज्जर मामला :**

### ऐसा कुछ नहीं मिला जो भारतीय एजेंसियों के लिए काम का हो

**मुंबई/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा द्वारा चौथी गिरफ्तारी किए जाने को लेकर सोमवार को कहा कि भारत को कभी ऐसा कुछ नहीं मिला जो उसकी जांच एजेंसियों के लिए विशिष्ट या काम का हो। जयशंकर ने कहा कि अगर कनाडा के पास किसी भी हिंसा से संबंधित कोई ऐसा साक्ष्य या जानकारी है जो भारत में जांच के लिए प्रासंगिक है तो नई दिल्ली जांच के लिए तैयार है।

निज्जर (45) की 18 जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरु नानक सिख गुरद्वारा के बाहर हत्या कर दी गई थी।

| सूर्यास्त 14-05-2024 | सूर्योदय 15-05-2024 |
| --- | --- |
| 6:37 बजे | 5:54 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 72,776.13 | 22,104.05 |
| (+111.66) | (+48.85) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 7,363 रु. | 82,429 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### अबूझ पहेली

परिणामों के विश्लेषण से,
कुछ की धरती धूज रही।
कुछ को आश्वासन के दम पर,
हरी–हरी ही सूझ रही।
किनका कैसे करें समर्थन,
मन वांछाएं जूझ रही।
लोकतंत्र की यही पहेली,
सबके के लिए अबूझ रही।।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक मौत, दो घायल

**मगलूरु।** कर्नाटक में दक्षिण कन्नड जिले के नूजीबलटिला गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 56 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक श्रीकिशुन हादसे के वक्त गांव के इच्लमपाड़ी में नदी से रेत निकाल रहे मजदूरों के दल में शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि 11 मई की शाम क्षेत्र में तेज आंधी चली और मजदूरों ने काम रोककर एक झोपड़ी में शरण ली जो आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। मजदूरों का इलाज करने वाले अस्पताल के प्राधिकारियों ने बताया कि श्रीकिशुन की मृत्यु हो गई और अन्य दो झुलस गए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में झुलसे दोनों मजदूर खतरे से बाहर हैं।

## उडुप्पी जेल में एक विचाराधीन कैदी की मौत

**उडुप्पी।** कर्नाटक की उडुप्पी जेल में बंद एक 37 वर्षीय विचाराधीन कैदी की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतक अनूप शेट्टी पर जुलाई 2021 में कुंडापुर के कलावारा गांव में अपने कारोबारी साथी अजेंद्र शेट्टी की हत्या करने का आरोप था। इसी मामले में वह एक विचाराधीन कैदी के तौर पर जेल में बंद था। अधिकारियों के अनुसार, अजेंद्र की कथित तौर पर हत्या करने के बाद अनूप छुप गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद उडुप्पी पुलिस ने उसे गोवा से गिरफ्तार कर लिया था।

अनूप का इलाज करने वाले डॉक्टरों ने बताया कि वह शनिवार को जेल की कोठरी में बेहोश पाया गया था और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों ने आशंका जतायी कि हृदय गति रुकने से उसकी मौत हुई है। हिरियाडका के पास उडुप्पी जेल में अनूप की मौत हो जाने के बाद स्थानीय हिरियाडका पुलिस ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 176 के तहत इस मामले की जांच शुरू की। कुंदापुर की अदालत के आदेश के आधार पर अनूप को 6 अगस्त 2021 से जेल में रखा गया था। अनूप को 11 मई को दोपहर 2:45 बजे उल्टी हुई और वह बेहोश हो गया। जेल कर्मचारियों ने तुरंत जेलर एस ए शिरोल को सूचना दी और उन्होंने अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने अनूप को मृत घोषित कर दिया।

## बंद घर से 12 लाख रुपए कीमती वस्तुओं की चोरी

**बेंगलूरु।** जीवन बीमा नगर पुलिस थाना क्षेत्र में एक घर में चोरी की घटना प्रकाश में आई है। लगभग 12 लाख रुपए से अधिक मूल्य का 100 ग्राम सोने के आभूषण एवं 8 किलो चांदी की चोरी हुई है। शिकायतकर्ता हरिराम ने बताया कि वह एचएएल सेकेन्ड स्टेज में रहते हैं। कुछ दिन के लिए जब वह अपने पैतृक गांव गए थे तो वापस आकर देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ था। अलमारी को तोडा गया था और उसके रखी कीमती वस्तुएं गायब थीं। पुलिस सीसीटीवी आदि की मदद से चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## साम्प्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में समाचार चैनल, एंकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बेंगलूरु।** टेलीविजन पर हाल में प्रसारित एक कार्यक्रम के जरिये साम्प्रदायिक नफरत फैलाने के आरोपों को लेकर एक समाचार चैनल और इसके एंकर' के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। तनवीर अहमद ने 11 मई को पुलिस में एक शिकायत देकर आरोप लगाया था कि नौ मई को रात साढ़े आठ बजे प्रसारित कार्यक्रम में एंकर ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसके अनुसार 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.8 प्रतिशत घट गई।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आबादी के प्रतिशत को प्रदर्शित करते हुए, चैनल ने हिंदू आबादी के प्रतिशत की पृष्ठभूमि में भारत का ध्वज, जबकि मुस्लिम आबादी के प्रतिशत की पृष्ठभूमि में पाकिस्तान का ध्वज दिखाया। बाद में, पाकिस्तान के इसी ध्वज का इस्तेमाल वहां मुस्लिम आबादी के प्रतिशत को दर्शाने के लिए किया गया। शिकायत के अनुसार, एंकर ने कहा था कि भारत में मुसलमानों की आबादी बढ़ने की एक वजह यह है कि मुसलमानों के लिए शादी की न्यूनतम उम्र नहीं है और यदि बाल विवाह के खिलाफ समाज कल्याण विभाग में शिकायत की जाती है तो वे 'मुस्लिम पर्सनल लॉ' के कारण कार्रवाई नहीं कर सकते। इसके चलते, उनकी कम उम्र में शादी होती है और अधिक बच्चे होते हैं। शिकायत में कहा गया है, यह सरासर झूठ है क्योंकि बाल विवाह निषेध अधिनियम सभी के लिए बाल विवाह को निषिद्ध करता है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। इसके अलावा, एंकर का कहना था कि बच्चे नहीं पैदा करना इस्लाम के खिलाफ है। यह भी मुस्लिम समुदाय का अपमान है।

# 10वीं कक्षा में सबसे अधिक पूर्णांक गणित में मिले, 12वीं में चित्रकला



**सीबीएसई परिणाम**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं की परीक्षा में 11 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं जबकि 12वीं कक्षा में छात्रों ने सबसे अधिक यह उपलब्धि चित्रकला विषय में हासिल की है। सीबीएसई ने सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए। आंकड़ों के मुताबिक 10वीं कक्षा में 11,253 छात्रों ने गणित में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसके बाद संस्कृत और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का स्थान है जिनमें क्रमश: 6700 और 6,269 विद्यार्थियों ने यह कारनामा कर दिखाया।

इसी प्रकार, 12वीं कक्षा में 10,402 विद्यार्थियों ने चित्रकला में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है इसके बाद रसायन शास्त्र और मनोविज्ञान का स्थान है जिनमें क्रमश: 2,152 और 2,134 विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की। पिछले साल की तुलना में 10वीं कक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के प्रतिशत में 0.48% का सुधार हुआ है और यह 93.60% रहा। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जो पिछले साल की तुलना में 0.65 प्रतिशत अधिक है। अधिकारियों ने कहा कि दसवीं कक्षा के नतीजों में 94.75 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। इन परीक्षाओं में लड़कों की तुलना में 2.04 प्रतिशत अधिक लड़कियां उत्तीर्ण हुईं। वहीं, 12वीं में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों के मुकाबले 6.40 प्रतिशत अधिक है।

## टाटा मोटर्स का शेयर आठ प्रतिशत टूटा, बाजार पूंजीकरण 29,016 करोड़ रुपये घटा

**नई दिल्ली/भाषा।** टाटा मोटर्स का शेयर सोमवार को आठ प्रतिशत से अधिक टूट गया। कंपनी के जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे के निवेशकों के उम्मीद के अनुरूप न होने पर इसके शेयर में गिरावट आई है।

बीएसई पर कंपनी का शेयर 8.32 प्रतिशत गिरकर 959.80 रुपये पर बंद हुआ। दिन में यह 9.44 प्रतिशत गिरकर 948 रुपये पर आ गया था। एनएसई पर यह 8.33 प्रतिशत गिरकर 959.40 रुपये प्रति पर रहा।

कंपनी का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 29,016.23 करोड़ रुपये घटकर 3,19,012.47 करोड़ रुपये रह गया।

बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी पर सूचीबद्ध कंपनियों में से टाटा मोटर्स के शेयर को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स 111.66 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 48.85 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ।

## 'भारत रूसी परमाणु रिएक्टर के लिए अतिरिक्त स्थानों की तलाश कर रहा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत रूसी परमाणु रिएक्टर के लिए अतिरिक्त स्थानों की तलाश कर रहा है, जबकि प्रस्तावित जैतापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए फ्रांस के साथ चर्चा जारी है।

अन्य देशों के साथ परमाणु सहयोग उम्मीद के अनुरूप आगे नहीं बढ़ने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि जिस तरीके से परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम,2010 तैयार किया गया, विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के साथ काफी बातचीत करने की जरूरत है ताकि उनकी चिंताओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने मुंबई में संवाददाता सम्मेलन में, अमेरिकी कंपनियों के संदर्भ में कहा, ''इसमें कुछ वक्त लगा और ऐसा कुछ देशों के साथ हुआ है।'' विदेश मंत्री ने कहा कि जहां तक कुछ अन्य देशों की बात है, जहां दायित्व के मुद्दे को बेहतर ढंग से समझा गया या जहां इतनी चिंता नहीं है, क्योंकि उनके उद्योग की प्रकृति बहुत अलग है। जयशंकर ने कहा, ''हमारी चर्चा जारी है, कुडनकुलम में (रूस के सहयोग से) प्रगति हुई। हम रूसी रिएक्टर के लिए अतिरिक्त स्थानों की तलाश कर रहे हैं। जहां तक फ्रांसीसी रिएक्टर की बात है हम उनके साथ बातचीत कर रहे हैं।''

विदेश मंत्री के पिछले साल दिसंबर में रूस के दौरे पर, दोनों पक्षों ने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की विद्युत उत्पादन इकाइयों के निर्माण से जुड़े कुछ बहुत महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किये थे। रूस ने कुडनकुलम में 1,000 मेगावाट के चार परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाये हैं और इतनी ही क्षमता के दो और रिएक्टर का निर्माण कर रहा। भारत ने 2008 में अमेरिका और फ्रांस के साथ परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किया था। इन समझौतों के बाद मीठी वीरडी और कोवाडा, अमेरिका को तथा जैतापुर फ्रांस के लिए आवंटित किये गए।

हालांकि, ये परियोजनाएं कई कारणों से शुरू नहीं हो सकीं जिनमें एक कारण परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम,2010 के कठोर प्रावधान हैं।



# केजरीवाल देश के सबसे बड़े झूठे, दिल्ली और पंजाब के लोगों को धोखा दिया : ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 'देश का सबसे बड़ा झूठा' करार दिया और आरोप लगाया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक ने दिल्ली और पंजाब के लोगों को धोखा दिया है।

ठाकुर हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर सीट से पांचवीं बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल का प्राथमिक उद्देश्य सत्ता हथियाना है ताकि अपने गलत कामों को छिपाया जा सके लेकिन लोग उन्हें अच्छी तरह जानते हैं और राष्ट्रीय राजधानी में उनकी पार्टी को सभी सात लोकसभा सीटों पर हराएंगे। उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''केजरीवाल इस देश के सबसे बड़े झूठे हैं। केजरीवाल किसी के बारे में कुछ भी कह सकते हैं। उन्होंने अपने झूठ से दिल्ली और पंजाब के लोगों को धोखा दिया है। उनकी टिप्पणियां केवल इस देश के लोगों का मनोरंजन करती हैं और इससे भाजपा को फायदा होगा।''

भाजपा के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं होने की बात पर जोर देते हुए ठाकुर ने दावा किया कि केजरीवाल जेल से बाहर आने के बाद अफवाह फैला रहे हैं। भाजपा नेता ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी आसानी से लोकसभा चुनाव जीतेगी और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें आत्मसमर्पण करना होगा और 2 जून को वापस जेल जाना होगा।

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के तहत एक जून को आखिरी चरण का मतदान है और मतों की गिनती चार जून को होगी।



## वाईएसआरसीपी विधायक ने मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाता को थप्पड़ मारा

**तेनाली (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के एक विधायक ने सोमवार को यहां एक मतदान केंद्र पर मतदान के लिए कतार में खड़े एक व्यक्ति को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया। हालांकि उक्त व्यक्ति ने भी इसके जवाब में विधायक को थप्पड़ जड़ दिया। विधायक ने थप्पड़ उस व्यक्ति को मारा जिसने उनके कतार तोड़ने पर सवाल किया था।

यह घटना गुंटूर जिले के तेनाली में तब हुई जब वाईएसआरसीपी के स्थानीय विधायक ए. शिव कुमार ने कतार तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया और मतदाताओं में से एक ने इसे लेकर उनसे सवाल कर दिया। पुलिस ने बताया कि इसको लेकर गुस्साये विधायक ने व्यक्ति को थप्पड़ मार दिया, हालांकि उक्त व्यक्ति ने भी इसके जवाब में विधायक को थप्पड़ जड़ दिया।

विधायक को थप्पड़ मारे जाने से नाराज उनके समर्थकों ने उक्त व्यक्ति पर अपना गुस्सा निकाला।

पुलिस के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को उस घटना के बारे में बताया जिसके परिणामस्वरूप यह झड़प हुई। उन्होंने कहा, ''वह (वाईएसआरसीपी विधायक) मतदान करने जा रहे थे और वह कतार तोड़कर आगे बढ़े लेकिन किसी (मतदाता) ने इस पर आपत्ति जतायी।'' पुलिस ने बताया कि विधायक और मतदाता के बीच पहले कहा-सुनी हुई और उसके बाद विधायक ने उसे थप्पड़ मार दिया।



# हिमाचल प्रदेश में कार्यकाल पूरा करेंगे, 2027 में फिर सत्ता में आएंगे : मुख्यमंत्री सूक्खू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/हमीरपुर/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर राज्य की कांग्रेस सरकार को धन-बल के इस्तेमाल से गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि उनकी सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और 2027 में फिर से सत्ता में आएगी। मुख्यमंत्री ने शिमला में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर दी गई और भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाई गई।

सुक्खू ने अपनी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को गिनाया और आरोप लगाया कि पिछले साल मानसून के दौरान उत्पन्न आपदा के समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिमाचल प्रदेश के लोगों का साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा, ''सुक्खू सरकार की फिल्म साढ़े तीन साल और चलेगी तथा दूसरा भाग 2027 में आएगा।''

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा ने धन-बल का इस्तेमाल कर उनकी सरकार को गिराने की कोशिश की।

इससे पहले वह शिमला (एससी) लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी का नामांकन दाखिल कराने के लिए उनके साथ निर्वाचन कार्यालय पहुंचे।

सुल्तानपुरी द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के बाद सुक्खू ने पत्रकारों से कहा, ''यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह लोकतंत्र को बचाने और देश की राजनीति को दिशा देने का चुनाव है।''

मौजूदा भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने भी सोमवार को शिमला सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

बाद में, यहां चौड़ा मैदान में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए सुक्खू ने कहा, ''सुक्खू सरकार की फिल्म साढ़े तीन साल और चलेगी तथा दूसरा भाग 2027 में आएगा जब राज्य के लोग कांग्रेस को फिर से चुनेंगे।''

## इंदौर में मतदान के दौरान 'नोटा' को लेकर विवाद, कांग्रेस ने कहा- नोटा के प्रचार से रोका गया

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** इंदौर लोकसभा क्षेत्र में सोमवार को मतदान के दौरान 'नोटा' को लेकर अलग-अलग विवाद सामने आए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उसे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शह पर 'नोटा' के विकल्प के प्रचार से रोका गया। भाजपा ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि अपनी नाकामी से इंदौर में प्रत्याशीविहीन हुई कांग्रेस अनर्गल बातें कर रही है। कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 29 अप्रैल को अपना पर्चा वापस ले लिया और वह इसके तुरंत बाद भाजपा में शामिल हो गए थे।

नतीजतन इस सीट के 72 साल के इतिहास में कांग्रेस पहली बार चुनावी दौड़ में नहीं है। इसके बाद कांग्रेस ने स्थानीय मतदाताओं से अपील की कि वे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर 'नोटा' (उपरोक्त में से कोई नहीं) का बटन दबाकर भाजपा को सबक सिखाएं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा ने संवाददाताओं से कहा,''जब हमने स्थानीय प्रशासन से मांग की कि हमें होर्डिंग और एफएम रेडियो पर नोटा के प्रचार की अनुमति दी जाए, तो कहा गया कि हम इस मंजूरी के लिए भोपाल स्थित राज्य निर्वाचन आयोग का रुख करें।'' उन्होंने कहा कि भाजपा की एक महिला पार्षद ने 'नोटा' के पक्ष में ऑटो रिक्शा पर लगा पोस्टर हाल ही में सरेआम हटा दिया और इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो चुका है।

## सरकार की ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए फर्जी समीक्षा रोकने के नियमों को अनिवार्य बनाने की तैयारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए उपभोक्ता समीक्षा के गुणवत्ता मानदंडों का अनुपालन अनिवार्य बनाने पर विचार कर रही है।

एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को कहा कि फर्जी समीक्षाओं पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जाएगा। स्वैच्छिक प्रयास विफल होने के बाद सरकार ने यह फैसला किया है। सरकार ने एक साल पहले ई-विक्रेताओं के लिए नए गुणवत्ता मानदंड जारी किए थे, जिसमें उन्हें भुगतान आधारित समीक्षा प्रकाशित करने से रोक दिया गया था। यह भी कहा गया कि ऐसी प्रचार सामग्री के बारे में स्पष्ट रूप से बताया जाए।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की सचिव निधि खरे ने कहा कि इसके बावजूद ई-कॉमर्स मंच पर उत्पादों और सेवाओं की फर्जी समीक्षाएं अब भी सामने आ रही हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, ''ऑनलाइन समीक्षाओं पर स्वैच्छिक मानक को अधिसूचित हुए एक साल से अधिक समय हो गया है। कुछ संस्थाएं दावा करती हैं कि वे इसका अनुपालन कर रही हैं। हालांकि, फर्जी समीक्षाएं अब भी प्रकाशित हो रही हैं।''


खरे ने कहा, ''उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए, अब हम इन मानकों को अनिवार्य बनाना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने प्रस्तावित कदम पर चर्चा के लिए 15 मई को ई-कॉमर्स कंपनियों और उपभोक्ता संगठनों के साथ एक बैठक निर्धारित की है।

# ओला के सीईओ ने माइक्रोसॉफ्ट से किनारा करते हुए कहा, भारत को अपने तकनीकी मंच की जरूरत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** माइक्रोसॉफ्ट और उसकी अनुषंगी कंपनी लिंक्डइन को फटकार लगाते हुए ओला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भाविश अग्रवाल ने एक पोस्ट में कहा कि भारत को अपने खुद का तकनीकी मंच स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम के बड़े तकनीकी एकाधिकार के चलते सांस्कृतिक दखल और शासन से बचने के लिए ऐसा करना जरूरी है।

अग्रवाल ने माइक्रोसॉफ्ट का बहिष्कार करते हुए कहा कि ओला, जो माइक्रोसॉफ्ट एज्योर की एक ग्राहक है, अब इसकी सेवाएं नहीं लेगा। उन्होंने कहा कि ओला एक सप्ताह में अपना पूरा काम अपने घरेलू क्रुट्रिम क्लाउड पर स्थानांतरित कर देगी।



इससे पहले लिंक्डइन ने उनकी उस पोस्ट को हटा दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि लिंक्डइन का एआई भारतीय उपयोगकर्ताओं पर राजनीतिक विचारधारा थोप रहा है। इसके बाद सीईओ की उक्त प्रतिक्रिया आई। उन्होंने एक जेनरेटिव एआई प्रतिक्रिया का स्क्रीनशॉट साझा किया था, जिसमें अग्रवाल के लिए ''वे / उनके'' सर्वनाम का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने 'सर्वनाम बीमारी' की निंदा करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह चलन भारत तक नहीं पहुंचेगा। अग्रवाल ने बाद में लिखा, ''जिस सर्वनाम मुद्दे के बारे में मैंने लिखा, वह अधिकार की एक जागृत राजनीतिक विचारधारा है, जो भारत में नहीं है। मैं इस बहस में शामिल नहीं होता, लेकिन लिंक्डइन ने स्पष्ट रूप से माना है कि भारतीयों को हमारे जीवन में सर्वनाम की जरूरत है, और हम इसकी आलोचना नहीं कर सकते। वे हमें उनके साथ सहमत होने के लिए धमकाएंगे या हमें नकार देंगे।'' अग्रवाल ने भारतीय डेवलपर समुदाय से डीपीआई (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर) सोशल मीडिया फ्रेमवर्क बनाने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा, ''किसी भी कॉरपोरेट व्यक्ति को यह तय करने का अधिकार नहीं होना चाहिए कि क्या प्रतिबंधित किया जाएगा। डेटा का स्वामित्व कॉरपोरेट के बजाय रचनाकारों के पास होना चाहिए। वे हमारे डेटा का उपयोग करके पैसा कमाते हैं और फिर हमें 'सामुदायिक दिशानिर्देशों' पर उपदेश देते हैं।''

अग्रवाल ने आगे लिखा, ''चूंकि, लिंक्डइन का स्वामित्व माइक्रोसॉफ्ट के पास है और ओला एज्योर का एक बड़ा ग्राहक है, इसलिए हमने अगले सप्ताह से अपने पूरे काम को एज्योर से हटाकर अपने क्रुट्रिम क्लाउड पर लाने का निर्णय लिया है।''

## मतदाता सूची में नाम न होने से बिना वोट डाले लौटे कई कश्मीरी पंडित

**जगती (जम्मू)/भाषा।** मतदाता सूची में नाम ना होने की वजह से विस्थापित कश्मीरी पंडित समुदाय के कई सदस्य जम्मू में सोमवार को मतदान नहीं कर सके। जम्मू में बनाए गए विशेष मतदान केंद्रों पर कश्मीर पंडित समुदाय के सदस्य मतदान करने पहुंचे लेकिन कई मतदाताओं को बिना वोट डाले लौटना पड़ा। जगती शिविर निवासी और हब्बाकदल इलाके से ताल्लुक रखने वाली वीना ने कहा, इतनी गर्मी के बावजूद मैं अपने परिवार के तीन सदस्यों के साथ वोट डालने मतदान केंद्र आई थी। हमारे पास मतदाता पहचान पत्र भी है, लेकिन हमारे नाम मतदाता सूची में नहीं हैं। यह हमें मतदान के अधिकार से वंचित करना है। उन्होंने कहा कि जब मतदाता पहचान पत्र होना ही काफी नहीं है, तो फिर इसका इस्तेमाल क्या है। वीना ने कहा, इन पहचान पत्रों को निर्वाचन आयोग को रद्द कर देना चाहिए। सरकार चाहती है कि हम वोट डालें लेकिन साथ ही एक प्रक्रिया है जो हमारे मतदान के अधिकार से वंचित करती है। अविनाश रैना और उनके परिवार के चार सदस्यों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग किए बिना वापस लौटना पड़ा।

# जद (एस) विधायक एच डी रेवन्ना की जमानत याचिका मंजूर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए यहां की एक विशेष अदालत ने अपहरण के एक मामले में जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के नेता एवं कर्नाटक के विधायक एच डी रेवन्ना की जमानत याचिका सोमवार को मंजूर कर ली। पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना (66) को विशेष जांच दल (एसआईटी) ने एक महिला के कथित अपहरण के मामले में चार मई को गिरफ्तार किया था। अपहरण का यह मामला उनके बेटे और हासन से सांसद प्रज्जवल रेवन्ना द्वारा महिलाओं का यौन शोषण किए जाने के आरोपों से जुड़ा है। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट ने मामले की सुनवाई की और रेवन्ना को सशर्त जमानत दे दी।

रेवन्ना की तीन दिवसीय पुलिस हिरासत की अवधि आठ मई को समाप्त हो जाने के बाद उन्हें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के सामने पेश किया गया था। अदालत ने उन्हें 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। यह मामला महिला के बेटे की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था, जिसने आरोप लगाया था कि एच डी रेवन्ना के बेटे प्रज्जवल ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया था कि प्रज्जवल के खिलाफ गवाही देने से रोकने के लिए महिला का कथित तौर पर अपहरण किया गया था।

एसआईटी ने एच डी रेवन्ना के विश्वासपात्र सतीश बबन्ना को भी हिरासत में लिया है। रेवन्ना ने अपनी जमानत याचिका की पैरवी के लिए वरिष्ठ वकील सी वी नागेश की सेवाएं ली, वहीं विशेष लोक अभियोजक जैना कोठारी और अतिरिक्त लोक अभियोजक अशोक नाइक ने एसआईटी की ओर से बहस की। नागेश ने दावा किया कि रेवन्ना की गिरफ्तारी के पीछे राजनीतिक साजिश है और पीड़िता ने हाल में एक वीडियो में कहा है कि रेवन्ना या उसके परिवार ने उसका अपहरण नहीं किया है।

कोठारी और नाइक ने इसका विरोध करते हुए कहा कि एसआईटी ने सीआरपीसी (आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता) की धारा 161 (पुलिस द्वारा गवाहों से पूछताछ) और 164 (मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए गए बयान) दोनों के तहत बयान दर्ज किए तथा पीड़िता ने एच डी रेवन्ना के खिलाफ बयान दिया है। एसआईटी के अधिवक्ताओं ने यह भी तर्क दिया कि जमानत याचिका तब दायर की गई जब आरोपी पहले से ही हिरासत में है और इसलिए मामला सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायाधीश ने इस तर्क से असहमति जताते हुए कहा, ''... कृपया आप मामले के गुण-दोष के आधार पर बहस करें।''





नागेश ने कहा कि पीड़िता के बेटे ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी मां घर नहीं आई और उसने यह भी बताया कि वह मोटरसाइकिल पर किसी परिचित व्यक्ति के साथ गई थी। उन्होंने कहा, इसे अपहरण कैसे समझा जा सकता है? यह अपहरण का मामला नहीं है। नाइक ने कहा कि पीड़िता और उसके परिवार को आरोपियों ने धमकी दी है और पीड़िता को पुलिस सुरक्षा की जरूरत है। नागेश ने तर्क दिया कि एसआईटी द्वारा लगाई गई धाराएं अमान्य हैं और उन्होंने अपहरण के मामलों पर पिछले कुछ अदालती फैसलों का हवाला दिया।

उन्होंने कहा कि प्रज्जवल के खिलाफ मामलों का एच डी रेवन्ना से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने अपने मुवक्किल को जमानत पर तत्काल रिहा करने का अनुरोध किया। उन्होंने एसआईटी के वकीलों पर भी निशाना साधा और कहा, जमानत याचिका पर आपत्तियां दो विशेष लोक अभियोजक क्यों पेश कर रहे हैं?''

कोठारी ने स्पष्ट किया कि वे तर्क को दोहरा नहीं रहे और एक-दूसरे के तर्क के समर्थन में दलीलें दे रहे हैं। बाद में, कोठारी ने अदालत से नागेश के तर्क का विरोध करने और दलील पेश करने की अनुमति देने का अनुरोध किया लेकिन नागेश ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा, अगर एसआईटी को एक और दौर बहस करने की अनुमति मिलती है तो मुझे भी इसका विरोध करने का मौका दिया जाना चाहिए। कोठारी ने कहा कि नागेश की दलीलों में कुछ गलत सूचना है। उन्होंने कहा, पीड़िता एच डी रेवन्ना की रिश्तेदार नहीं है जैसा कि सी वी नागेश ने कहा है और जांच अधिकारी के समक्ष 161 (के तहत) बयान पांच मई को दर्ज किए गए हैं, उसके बाद नहीं। इस पर न्यायाधीश ने कहा, अदालत के समक्ष दोनों हिरासत आवेदनों में 161 और 164 (के तहत) बयान प्रस्तुत किए गए हैं। एसआईटी ने इससे संबंधित लिखित दस्तावेज पेश करने के लिए समय दिए जाने का अनुरोध किया लेकिन न्यायाधीश ने इस अनुरोध खारिज कर दिया और सोमवार शाम पांच बजे आदेश सुरक्षित रख लिया तथा एच डी रेवन्ना को जमानत दे दी।

हासन से मौजूदा सांसद प्रज्जवल रेवन्ना जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। प्रज्जवल महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इस मामले ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है और राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा(भारतीय जनता पार्टी)-जद(एस) के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि हासन सीट से भाजपा-जद (एस) के संयुक्त उम्मीदवार प्रज्जवल कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे। उन्हें वापस लाने के लिए उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। हासन सीट के लिए पहले चरण में मतदान हुआ था।

# पूर्व विदेश मंत्री एस. एम. कृष्णा की हालत स्थिर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और अनुभवी नेता एस. एम कृष्णा की हालत लगातार स्थिर बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी दी। अस्पताल प्रशासन ने शनिवार को बताया था कि आईसीयू में भर्ती 92 वर्षीय पूर्व विदेश मंत्री को हरसंभव स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है और श्वास-रोग विशेषज्ञ और डॉ. सत्यनारायण मैसूर और डॉ. सुनील कारंत की टीम उनका इलाज कर रही है। मणिपाल अस्पताल प्रशासन ने एक बयान जारी कर बताया, ''एस. एम. कृष्णा की हालत स्थिर बनी हुई है।'' इससे पहले, पूर्व मुख्यमंत्री को श्वसन संबंधी संक्रमण के इलाज के लिए 21 अप्रैल को यहां एक अन्य सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ दिनों के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी।

# वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी का निधन



बेंगलूरु/दक्षिण भारत । वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी सुवर्णा बाई पट्टर (93) का निधन हो गया। वह उम्र संबंधी बीमारी से पीड़ित थीं रविवार शाम को उन्होंने अंतिम सांस ली। सुवर्णा बाई, जो वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. एसएस पट्टर की पत्नी हैं, ने अपने पति के साथ स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था। मृतक के पुत्र सरुभाई, आनंद पट्टर, शरणबसप्पा पट्टार, दत्तात्रेय एस पट्टार हैं। श्रद्धांजलि के उपरांत उनका अंतिम संस्कार लक्ष्मीपुर, यलहंका में किया गया।



# आपदा प्रबंधन के लिए प्रबंधन टीमों की तैनाती : तुषार गिरिनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां बीबीएमपी मे मुख्य आयुक्त तुषार गिरि नाथ ने कहा कि बीबीएमपी के तहत आपदा प्रबंधन के लिए, संबंधित क्षेत्रों के उप-मंडल स्तर पर आपदा प्रबंधन टीमों को तैनात किया जाना चाहिए और मानसून के मौसम के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए उचित उपाय किए जाने चाहिए और बीबीएमपी ने किए हैं। शहर में आपदा प्रबंधन के लिए किए जाने वाले उपायों पर एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शहर में बारिश का मौसम पहले ही शुरू हो चुका है और निचले इलाकों में बारिश के पानी की घुसपैठ को रोकने के लिए मैनहोल खोलने, पेड़ों/बिजली के खंभों के गिरने पर रोक लगाने की जरूरत है। और बारिश के कारण होने वाली आपदाओं, संबंधित क्षेत्रों के उप-विभाजनों, पालिके, जलमंडली, बेसकॉम, मेट्रो, अग्नि में उन्होंने शमाका सहित अन्य विभागों के अधिकारियों सहित आपदा प्रबंधन टीमों की तैनाती का सुझाव दिया।

पिछले एक सप्ताह से शहर में अलग-अलग जगहों पर बारिश हो रही है और किसी न किसी तरह से बारिश हो रही है। कुछ जगहों पर सामान्य, कुछ जगहों पर मध्यम और अधिकतर जगहों पर बारिश होने की खबर है। चार-पांच दिनों से हो रही बारिश के कारण करीब 150 जगहों पर पानी जमा हो गया है।

उन्होंने कहा कि कार्रवाई करते हुए 2 घंटे के अंदर जमा पानी निकल गया और कोई दिक्कत नहीं हुई। शहर में बारिश शुरू होने के बाद से 325 पेड़ गिरे हैं, जिनमें से 320 साफ कर दिए गए हैं। साथ ही 698 शाखाएँ गिरीं और 650 साफ़ हो गईं। उन्होंने शेष बचे पेड़, टहनियों/शाखाओं को यथाशीघ्र हटाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि निगम अंतर्गत 225 वार्डों में साइड नालियों की खुदाई के लिए प्रति वार्ड 30 लाख रुपए रखे गए हैं। बरसात के मौसम में वर्षा जल के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर ड्रेजिंग का कार्य किया जाता है। ब्रांड बैंगलोर अवधारणा के तहत आपदा प्रबंधन के लिए इस वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपए का प्रावधान है। निर्धारित अनुदान का उपयोग नए बाढ़ संभावित क्षेत्रों के निर्माण, पंपिंग प्रणाली और अन्य जरूरी समस्याओं के लिए किया जाएगा। इस बैठक में विशेष आयुक्त मुनीष मौदगिल, डॉ. हरीश कुमार, सुरलकर विकास किशोर, शिवानंद कालकेरी, जोनल कमिश्नर डॉ. आरएल दीपक, विनोथ प्रिया, रमेश, शिवानंद कपाशी, स्नेहल, राम्या, प्रीति गहलोत एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



**विरोध**

हिंदू कार्यकर्ता पर पुलिस अत्याचार के खिलाफ सोमवार को बागलकोट में हिंदू जागरण वेदिके द्वारा बुलाए गए 'बागलकोट बंद' के दौरान दुकानें बंद देखी गईं।



# शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए शिक्षित मतदाता को चुनें : विजयेन्द्र येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण पूर्व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार वाईए नारायणस्वामी, बेंगलूरु स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार ए देवेगौड़ा ने नामांकन जमा करने के कार्यक्रम में भाजपा के अनेक नेताओं ने भाग लिया। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और हमारी पिछली भाजपा सरकार ने ही स्नातकों, शिक्षकों और शिक्षा क्षेत्र के लिए सुधार प्रक्रिया शुरू की, प्रबुद्ध मतदाता शिक्षा क्षेत्र के और विकास के लिए भाजपा (एनडीए) उम्मीदवारों को पूरा आशीर्वाद देंगे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, प्रतिपक्ष नेता आर अशोक, पूर्व उपमुख्यमंत्री गोविंदकारजोल, राज्यसभा सांसद लहर सिंह, सांसद पीसी मोहन, विधायक बी. सुरेश गौड़ा, विधान परिषद सदस्य हनुमंत निरानी, एम चिदानंद गौड़ा, राज्य सचिव तमेश गौड़ा सहित भाजपा और जेडीएस के अनेक पदाधिकारी स्नातक और शिक्षक मतदाता शामिल हुए।



# प्रज्ञानानंदा, हम्पी, वैशाली नॉर्वे शतरंज में भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगे

चेन्नई/स्टावेंजर (नॉर्वे)। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा, कोनेरू हम्पी और वैशाली रमेशबाबू 27 मई से सात जून तक यहां होने वाले प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। 'शतरंज के विंबलडन' के नाम से मशहूर यह टूर्नामेंट हर साल विश्व रेटिंग सूची के शीर्ष ग्रैंडमास्टर्स को भाग लेने का निमंत्रण देता है। दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा हाल ही में सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन कर चौथा स्थान हासिल किया था। ऐसे में नॉर्वे शतरंज में उनके प्रदर्शन पर नजरें रहेंगी।

वह इस आयोजन के 12वें सत्र में इकलौते भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। इस प्रतियोगिता में सुपरबेट के विजेता एवं विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के अलावा विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज हिकारू नाकामुरा और वर्तमान विश्व चैंपियन डिंग लिरेन भी भाग लेंगे। प्रज्ञानानंदा 2022 में नॉर्वे शतरंज इंटरनेशनल ओपन टूर्नामेंट के विजेता भी थे। उन्होंने तब नौ दौर तक अजेय रहते हुए 7.5 अंक के साथ जीत दर्ज की थी। विश्व रैंकिंग दूसरे नंबर की खिलाड़ी हम्पी और 14वें स्थान पर काबिज प्रज्ञानानंदा की बहन वैशाली महिला वर्ग में चुनौती पेश करेंगी जिसमें विश्व चैंपियन चीन की जू वेनजुन और उनकी हमवतन लेई तिंगजी हैं।

वैश्विक स्तर पर हालांकि शीर्ष 100 खिलाड़ियों में कोई भी महिला शामिल नहीं है। ऐसे में लैंगिक समानता का नया मानदंड स्थापित करते हुए नॉर्वे शतरंज ने इस साल पुरुषों की बराबरी वाले महिला टूर्नामेंट को शुरू किया है। नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र के बारे में भारतीय ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद ने कहा, वे प्रारूप और समय नियंत्रण के साथ बहुत प्रयोग करते हैं।

मैं महिलाओं के वर्ग में पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि देकर खेल को लोकप्रिय बनाने में मदद करने के उनके प्रयास का स्वागत करता हूं।

# शिंदे का 'महाराष्ट्र मॉडल' कर्नाटक में एक सपना है : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने राज्य में कांग्रेस सरकार गिराने के लिए 'महाराष्ट्र मॉडल' दोहराने के प्रयासों के संबंध में महाराष्ट्र के अपने समकक्ष के कथित बयानों को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे 'भ्रम' में हैं और 'दिवास्वप्न' देख रहे हैं। सिद्दरामैया ने दावा किया कि उनका कोई भी विधायक बिकने को तैयार नहीं है'।

वहीं, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार संख्या बल खो देगी और इसके अस्तित्व में बने रहने को लेकर संदेह है। महाराष्ट्र के सतारा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा था कि कर्नाटक के उनके हालिया दौरे के दौरान ऑपरेशन नाथ (एकनाथ)' के बारे में चर्चा हुई थी। उनका इशारा परोक्ष तौर पर महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिराने और इसे लोकसभा चुनाव के बाद कर्नाटक में दोहराने की ओर था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस शासित राज्य में इस तरह की कवायद के लिए उनका अनुभव काम आ सकता है। वर्ष 2022 में शिवसेना में टूट के बाद महा विकास आघाडी गठबंधन सरकार गिर गई थी, जिसमें शिंदे के नेतृत्व में विधायक पार्टी से अलग हो गए थे और भाजपा से हाथ मिला लिया था।

सिद्दरामैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''वह (शिंदे) भ्रम में हैं, वह दिवास्वप्न देख रहे हैं। वे कर्नाटक में हमारी सरकार को ऑपरेशन कमल' के माध्यम से (गिराने में) किसी भी कीमत पर सक्षम नहीं होंगे, जैसा कि उन्होंने महाराष्ट्र में किया था, क्योंकि राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) इस बार संसदीय चुनाव में हारने जा रहा है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा चुनाव के बाद इस तरह के प्रयास की आशंका है, उन्होंने कहा, वे ऐसे प्रयास करने के बाद विफल हो गए हैं, वे एक बार फिर ऐसा प्रयास क्यों करेंगे? वे पिछले एक साल से ऐसे प्रयास कर रहे हैं और विफल हो रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''मेरी जानकारी के अनुसार, हमारा कोई भी विधायक बिकने को तैयार नहीं है। यहां महाराष्ट्र जैसा बदलाव होने की कोई संभावना नहीं है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला 'इंडि' गठबंधन लोकसभा चुनाव जीतेगा और सत्ता में आएगा और कर्नाटक में पार्टी लोकसभा की कुल 28 सीट में से कम से कम 20 सीट जीतेगी। उन्होंने कहा, उन्हें (भाजपा) एहसास हो गया है कि वे संसदीय चुनावों में हार जाएंगे और इसलिए वे ऐसे बयान दे रहे हैं। उन्हें चुनावों में जीत का भरोसा नहीं है, यहां तक कि नरेन्द्र मोदी (प्रधानमंत्री) को भी भरोसा नहीं है और इसलिए वह जो कुछ भी उसके मुंह में आता है, बोल रहे हैं।''

## आम चुनाव के बाद कांग्रेस और सहयोगी महाराष्ट्र में बनाएंगे सरकार : डीके शिवकुमार



उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र में शिंदे सरकार के बचे रहने को लेकर संदेह है। उन्होंने कहा, मोदी ने उद्धव ठाकरे (शिवसेना (यूटीबी) प्रमुख) के बारे में क्यों बोला, क्योंकि उद्धव ठाकरे के पास ताकत है... मैं यह रिकॉर्ड पर कह रहा हूं कि इस लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र सरकार के पास ताकत (संख्या बल) नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा, असली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सभी विधायक वापस जाएंगे और असली शिवसेना और राकांपा की वापसी होगी और दोनों पार्टियां कांग्रेस के साथ आएंगी और एक बार फिर हमारी सरकार होगी। इसलिए वे डरे हुए हैं।'' यह पूछे जाने पर कि क्या शिंदे मॉडल ऑपरेशन' को यहां दोहराने के लिए कर्नाटक कांग्रेस में शिंदे जैसा कोई नेता है, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा, उनके पास ऐसे लोग हो सकते हैं, हमारी तरफ यहां ऐसा कोई नहीं हैं...।'' शिंदे के बयान का इसलिए महत्व है क्योंकि राज्य में भाजपा और जद (एस) नेता कई बार लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस सरकार गिरने का पूर्वानुमान जता चुके हैं।



लोकसभा चुनाव के बाद या मौजूदा विधानसभा के कार्यकाल के मध्य में राज्य में सत्तारूढ़ दल में नेतृत्व परिवर्तन की लगातार अफवाहों के बीच, दोनों विपक्षी दलों के नेता कांग्रेस के भीतर संभावित सत्ता संघर्ष का संकेत देते रहे हैं। पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्दरामैया और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और कांग्रेस शिवकुमार को मनाने में कामयाब रही और उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया। उस समय ऐसी खबरें थीं कि बारी बारी से मुख्यमंत्री 'फॉर्मूले'' के आधार पर एक सहमति बनी है, जिसके अनुसार शिवकुमार ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन पार्टी द्वारा आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा कभी छुपायी नहीं है, जबकि सिद्दरामैया ने लोकसभा चुनाव के दौरान जनता से समर्थन मांगा था ताकि कांग्रेस राज्य में अधिक से अधिक सीट जीत सके, जिससे उनकी स्थिति मजबूत हो।





# जयपुर के 50 से अधिक स्कूलों में बम विस्फोट की धमकी, जांच में कुछ नहीं मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के 50 से अधिक स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिये मिली। इससे दोपहर तक पुलिस प्रशासन व अभिभावकों में हड़कंप की स्थिति मची रही। हालांकि, पुलिस के अनुसार जांच में कहीं से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। शहर के स्कूलों को यह धमकी जयपुर में सिलसिलेवार बम धमाकों की 16वीं बरसी पर दी गई। साल 2008 में आज ही के दिन जयपुर में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे जिसमें 71 लोगों की मौत हो गई थी और 180 अन्य घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार जयपुर के 56 स्कूलों को स्कूल भवनों में विस्फोटक होने संबंधी ईमेल मिला। इसके बाद बम निरोधक दस्तों को जांच के लिए भेजा गया। हालांकि पूरी जांच पड़ताल के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

पुलिस ने कहा, सुरक्षा की दृष्टि से स्कूल भवनों की जांच पड़ताल पूरी कर ली गई है। पुलिस के अनुसार धमकी वाले ईमेल संदेश इन स्कूलों के प्रधानाचार्य को भेजे गए। सोमवार सुबह जैसे ही स्कूल प्रशासन ने यह ईमेल देखा, पुलिस को सूचित किया गया और छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बाहर निकाल लिया गया। शहर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि पुलिस दल, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्तों को स्कूलों में भेजा गया। स्कूल भवनों की जांच पड़ताल की गई हालांकि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

उन्होंने कहा, ''कई स्कूलों को ईमेल के जरिए धमकियाँ मिलीं कि स्कूलों में विस्फोटक हैं। अधिकतर स्कूलों में जांच पूरी हो चुकी है और कोई विस्फोटक नहीं मिला है।''

पुलिस आयुक्त ने कहा कि ईमेल करने वाले की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि ईमेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। ई-मेल एक ही 'सोर्स' से भेजा गया है, जिसकी पहचान की जा रही है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं स्कूलों में विस्फोटक लगाए जाने की धमकी की खबर मिलते ही अभिभावकों में दहशत फैल गई। बड़ी संख्या में अभिभावक बच्चों को लेने स्कूल पहुंचे। जब अधिकारियों ने उन्हें बताया कि हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं और उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है तो उन्होंने राहत की सांस ली। धमकी के बारे में सबसे पहले सूचना तिलक नगर के एक निजी स्कूल से मिली। उसके बाद माणक चौक, वैशाली नगर, विद्याधर नगर, निवारू रोड, टोंक रोड, सांगानेर सहित विभिन्न इलाकों के अन्य स्कूलों से ऐसी ही सूचना मिली।

# देश में बदलाव की बयार, राजस्थान में दोहरे अंक में होंगी कांग्रेस की लोकसभा सीटें : गहलोत



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अमेठी/जयपुर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उनके गृह राज्य में अच्छा प्रदर्शन करेगी और उसकी सीटों की संख्या दोहरे अंकों में रहेगी। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में यह विश्वास भी जताया कि देश में 'बदलाव की बयार' की बह रही है और केंद्र में भी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन की सरकार बनेगी। गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस टिप्पणी के लिए भी उन पर पलटवार किया जिसमें उन्होंने कहा था कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को शहजादे की उम्र से कम सीटें मिलेंगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस तरह की जुमलेबाजी काम नहीं आएगी क्योंकि लोगों को समझ आ गया है कि भाजपा के 'झूठ' हद पार कर चुके हैं।

उनका कहना था, पूरे देश में यह संदेश चला गया है कि 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। (चुनाव के) पहले तीन चरणों से पता चला है कि यही स्थिति है। गहलोत उत्तर प्रदेश में अमेठी लोकसभा क्षेत्र के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक हैं। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार स्मृति ईरानी और कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के बीच मुकाबला है।

राजस्थान की 25 सीटों के संदर्भ में पूछे जाने पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस उनके गृह राज्य में बहुत अच्छा प्रदर्शन करने जा रही है। प्रदेश की सभी 25 सीट पर मतदान दो चरणों में संपन्न हो चुका है। गहलोत ने कहा, राजस्थान के लोग हमारी सरकार की योजनाओं को याद कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने उन्हें बंद कर दिया है या कमजोर कर रही है, इसलिए उस पर बड़ी प्रतिक्रिया हो रही है। कांग्रेस पिछले साल राजस्थान में विधानसभा चुनाव हार गई थी। भाजपा को 200 सदस्यीय सदन में 115 और कांग्रेस को 70 सीट मिली थीं। गहलोत ने आरोप लगाया कि भाजपा ने झूठ का सहारा लेकर विधानसभा चुनाव जीता।

उनका कहना था, कन्हैया लाल हत्याकांड में हमने दो घंटे के भीतर अपराधियों को पकड़ लिया। अपराधी नेपाल या किसी अन्य जगह भाग सकते थे। हम पीड़ित के घर गए, अपनी संवेदना व्यक्त की, अपराधियों को पकड़ा और लोगों ने इसकी सराहना की। उन्होंने कहा, पहली बार किसी परिवार को 50 लाख रुपये का पैकेज दिया गया। हमने उस परिवार के दो बच्चों को नौकरी भी दी। एनआईए ने मामला अपने हाथ में ले लिया लेकिन कुछ नहीं हुआ। मामले का क्या हुआ, कोई नहीं जानता।

प्रधानमंत्री मोदी की 'शहजादे की उम्र से कम सीटें' वाली टिप्पणी पर गहलोत ने कहा, इसका जवाब यह है कि एक समय था जब मोदी जी कुछ कहते थे और लोग कहते थे इसे स्वीकार करें लेकिन अब वह समय बदल गया है। उन्होंने कहा, उन्होंने (भाजपा) '400 पार', 'फिर एक बार मोदी सरकार' से शुरुआत की और फिर भाजपा और उसके उम्मीदवार गायब हो गए।

## मौलाना की हत्या के मामले में छह नाबालिग हिरासत में

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने अजमेर जिले के रामगंज थाना क्षेत्र में एक मस्जिद के मौलाना की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में छह नाबालिगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मस्जिद के बच्चों ने यौन उत्पीड़न व अश्लील हरकतों से तंग आकर यह कदम उठाया। अजमेर के पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि हत्या के इस मामले में जांच आगे नहीं बढ़ने पर मौलाना के साथ रहने वाले छह नाबालिगों से पूछताछ की गई। बच्चों ने मौलाना की हत्या करने की बात कबूल की क्योंकि वह उनका यौन शोषण करता था।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि छह नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। नाबालिगों का कहना है कि उन्होंने मौलाना को खाने की चीज में नींद की गोलियां दे दीं और देर रात लाठियों से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। बाद में, उन्होंने पुलिस को सूचित किया कि तीन नकाबपोश लोग मस्जिद में घुस गए और मौलाना पर हमला कर दिया।



## प्रत्येक बालक को शिक्षा के समान अवसर मिले : कृष्ण कुणाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक बालक को निःशुल्क शिक्षा का अधिकार दिया गया है। कुणाल ने सोमवार को शिक्षा संकुल में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, के अन्तर्गत राज्य के गैर सरकारी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी (पीपी-3) एवं कक्षा-1 में 25 प्रतिशत सीटों पर समाज के असुविधाग्रस्त समूह एवं दुर्बल वर्ग को प्रवेश में वरीयता क्रम निर्धारण के लिए ऑनलाइन लॉटरी निकाली। उन्होंने बताया कि लॉटरी द्वारा जारी वरीयता सूची को अभिभावक विद्यालयवार प्राइवेट स्कूल वेबपोर्टल www.rajpsp.nic.in के होम पेज पर ''अभ्यर्थी प्राथमिकता क्रम'' पर क्लिक करके देख सकते हैं। साथ ही अभिभावक अपने आवेदन की आईडी नम्बर व मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके अपने बालक-बालिका का वरीयता क्रमांक सभी आवेदित विद्यालयों में एक साथ देख सकते हैं।

प्रदेश के इकतीस हजार आठ से सत्तावन निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए तीन लाख आठ हजार सात सौ बयासी बालक बालिकाओं के आवेदन प्राप्त हुए हैं। 7 जून से 25 जुलाई तक प्रथम चरण में विद्यालयों में प्रवेश दिए जाएंगे। 26 जुलाई से 16 अगस्त द्वितीय चरण तथा 17 अगस्त से 31 अगस्त तक तृतीय चरण में वरीयता के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे।

इस अवसर पर अतिरिक्त परियोजना निदेशक श्रीमती पूनम प्रसाद सागर, सुरेश कुमार बुनकर सहित आरटीई से संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

## कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर का षष्ठम् दीक्षान्त समारोह कल

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के षष्ठम दीक्षांत समारोह आयोजित किया जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि दीक्षांत समारोह में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के पूर्व कुलपति एवं पद्मप्रो बलदेव सिंह ढिल्लों विशिष्ट अतिथि होंगे। डा सिंह ने बताया कि इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन कराया जायेगा। कुलाधिपति मिश्र द्वारा क्रमश: पंचवर्षीय समेकित पाठ्यक्रम की स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्यावचास्पति के 1218 उपाधि धारकों को दीक्षा प्रदान की जाएगी एवं सात होनहारों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे जिनमें चार स्वर्ण पदक की हकदार बेटियां होंगी। जिसमें स्नातक की 1106 एवं कृषि व्यवसाय में एमबीए में एक और स्नातकोत्तर की 79 एवं विद्यावचास्पति की 32 डिग्रीयां प्रदान की जाएगी।



## दीया कुमारी ने रक्त दान शिविर में लिया भाग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जयपुर बम ब्लास्ट की सोलहवीं बरसी के मौके पर सोमवार को यहां आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लिया। श्रीमती दीया कुमारी इस अवसर पर महक-दिया मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में शरीक हुई।

इस मौके श्रीमती दीया कुमारी ने ईश्वर से जयपुर बम ब्लास्ट में दि पैलेस स्कूल की छात्रा महक और उसकी बहन दिया सहित जान गंवाने वाले सभी लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि उनकी संवेदनाएं इन सभी के परिवार के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि 13 मई 2008 को हुए बम धमाके में इन दोनों मासूम बहनों सहित कई लोगों की जान गई थी। इनकी याद में आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।



## रंजिश के चलते युवक पर लाठियों से हमला कर हत्या के चार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हनुमानगढ़। हनुमानगढ़ जिले में थाना संगरिया अंतर्गत कीकरवाली गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर लाठियों से हमला कर हत्या कर देने के मामले में थाना पुलिस ने चार मुख्य आरोपियों इमरान खान पुत्र अकबर अली (23), रहमत अली पुत्र मोहम्मद दीन लबाना (24), अख्तर हुसैन पुत्र शाहब सावर पवार (22) एवं जाकिर हुसैन पुत्र अल्लादिता (23) निवासी कीकरवाली को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी विकास सांगवान ने बताया कि घटना के संबंध में 29 अप्रैल को कीकरवाली निवासी मुस्तफा खान ने रिपोर्ट दी कि उसका चचेरा भाई हब्बीबुल्ला (35) आज सुबह गांव से अपनी ढाणी जा रहा था। रास्ते में पहले से खड़े इमरान, सलमान, काले खान, रहमत अली, अख्तर हुसैन, अल्लाहरखा, नदीम व जाकिर ने ने लाठियों से जान से मारने की नीयत से पीटना शुरू कर दिया। जिससे उसके पैर, सिर, आंख व हाथों में काफी चोटें आई और वह बेहोश हो गया। यह देख आरोपी फरार हो गये। सूचना मिलते ही हम तुरंत मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस बुला हब्बीबुला को संगरिया हॉस्पिटल लेकर गए, जहां से हनुमानगढ़ रेफर किया गया। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। इसी दौरान अस्पताल में भर्ती हब्बीबुला की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो जाने पर हत्या में मामला तब्दील कर अनुसंधान शुरू किया गया। एसपी सांगवान ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल मीणा व सीओ करण सिंह के सुपरविजन एवं एसएचओ धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर सभी संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी मदद से गठित टीम द्वारा आरोपी इमरान खान, रहमत अली, अख्तर हुसैन एवं जाकिर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

## पुष्कर के माधुपुरा गांव में पैंथर की दशहत

अजमेर। अजमेर जिले के कई रिहायशी इलाकों में हाल ही में पैंथर (तेंदुए) की चहलकदमी की कई खबरें सामने आई। क्षेत्र में लगातार पैंथर देखे जाने की सूचना के बाद से दहशत का माहौल है। दरअसल में लगातार घट रहे जंगलों और भोजन की कमी के चलते वन्य जीव आबादी में विचरण कर रहे हैं। ये पारिस्थितिकी तंत्र के बिगड़ने और वन विभाग, पुलिस प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनौती है।

रविवार देर रात्रि माधुपुरा बूढ़ा पुष्कर क्षेत्र और आसपास के क्षेत्र में तेंदुए की मूवमेंट से हड़कंप मच गया। क्षेत्रवासियों ने देर रात तेंदुए का मूवमेंट देखा।



## हुमा कुरैशी ने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में लगाई हाजरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। अजमेर स्थित विश्व प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने हाजरी लगाई। हुमा कुरैशी ने दरगाह में मखमली चादर और अकीदत के फूल पेश कर फिल्म जॉली एलएलबी-3 की कामयाबी की दुआ मांगी। साथ ही दरगाह में मन्नत का भी धागा बांधा। ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में हुमा कुरैशी के साथ जॉली एलएलबी-3 की फिल्म यूनिट से जुड़े हुए लोग भी थे। दरगाह में पहुंचने पर हुमा कुरैशी को प्रशंसकों ने घेर लिया। लिहाजा फ़िल्म यूनिट के साथ आए सुरक्षा गार्डों के बीच हुमा कुरैशी आस्ताने शरीफ पहुंचीं।

हुमा कुरैशी को बॉलीवुड दुआगो सैयद कुतुबुद्दीन को जियारत करवाई। हुमा कुरैशी ने ख्वाजा गरीब नवाज की मजार पर मखमली चादर और अकीदत के फूल पेश किए साथ ही फ़िल्म जॉली एलएलबी-3 की कामयाबी के लिए दुआ मांगी। जियारत के बाद दरगाह में हुमा कुरैशी ने मन्नत का धागा भी बांधा। खादिम सैयद कुतुबुद्दीन सखी ने अभिनेत्री हुमा कुरैशी को चुनरी ओढ़ाकर उन्हें और फिल्म यूनिट के अन्य सदस्यों को तबर्रुक भेंट किया।

## कांग्रेस ने दिया भ्रष्टाचार का दंश, मोदी ने किया आतंक का सफाया : भजनलाल

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद की ऐसी कमर तोड़ी है कि सभी आतंकवादी लापता हो गए हैं। वर्ष 2014 से पहले आतंकवादी घटनाएं आम बात थी। ट्रेन और बस में सफर करने और सार्वजनिक स्थानों पर जाने से पहले आम आदमी 10 बार सोचता था। लेकिन आज कोई भी आतंकवादी और नक्सलवादी देश में आतंक फैलाने का दुस्साहस नहीं कर सकता, यही मोदी जी की गारंटी है। शर्मा सोमवार को पंजाब के होशियारपुर में बीजेपी प्रत्याशी अनीता सोमप्रकाश के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल में गरीब कल्याण, आतंकवाद एवं नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में परिवर्तनकारी निर्णय लिए गए हैं।



## बायोमेडिकल उपकरणों का उचित प्रबंधन आवश्यक : नेहा गिरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने कहा है कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण जांच एवं उपचार उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये बायोमेडिकल उपकरणों का उचित प्रबंधन आवश्यक है। श्रीमती नेहा गिरि ने सोमवार को बायोमेडिकल इक्विपमेंट मैनेजमेंट प्रोग्राम बूस्ट: एलिवेटिंग हॉस्पिटल सर्विसेज विद सीमलेस रिपेयर एण्ड मेंटीनेंस एक्सीलेंस विषय पर आयोजित नेशनल सिम्पोजियम को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी में सभी हितधारकों के साथ परामर्श कर बायोमेडिकल उपकरणों के प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज़ तैयार किया जायेगा।

हमारा प्रयास है कि बायोमेडिकल उपकरणों के क्षेत्र में रिसर्च एवं प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार हो, उपकरणों का डाउनटाइम कम हो तथा स्वास्थ्य सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि बायोमेडिकल इक्विपमेंट मैनेजमेंट से उपकरणों की परिचालन दक्षता बढ़ने के साथ ही लागत कम करने में भी मदद मिलती है।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि आरएमएससीएल दवाओं, सर्जिकल एवं सूचर्स तथा जांच उपकरणों की खरीद में अग्रणी रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रैंकिंग में आरएमएससीएल अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि बीईएमपी कार्यक्रम के तहत पिछले महीने तक एक लाख 43 हजार 631 उपकरणों को ई-उपकरण सॉफ्टवेयर में मैप किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से पंजीकृत ऑनलाइन शिकायतों एक लाख 44 हजार 465 में से एक लाख 44 हजार 234 का सफलतापूर्वक समाधान किया गया है।

## कोचिंग छात्र लापता, एक सप्ताह में दूसरी घटना

कोटा/दक्षिण भारत। राजस्थान की कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में अभी एक सप्ताह पहले लापता हुये छात्र का सुराग भी नहीं लगा था कि एक और कोचिंग छात्र लापता हो गया जिसे पुलिस तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके में एक मकान में पेइंग गेस्ट के रूप में रह कर नीट की कोचिंग लेने के बाद परीक्षा दे चुका एक छात्र अमन कुमार सिंह (19) रविवार को अचानक लापता हो गया। मूल रूप से बिहार का रहने वाला यह कोचिंग छात्र कोटा में रह कर पिछले दो साल से नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसने हाल ही में नीट की प्रवेश परीक्षा दी थी।

छात्र अमन कुमार सिंह रविवार को अपना घर छोड़कर जाने का एक पत्र कमरे में रखकर लापता हो गया, जिसके बाद मामला कुन्हाड़ी थाने पहुंचा और अब पुलिस उसे तलाश कर रही है।

# प्रभु श्रीराम की इच्छा है कि उनका भक्त फिर देश का प्रधानमंत्री बने : मुख्यमंत्री योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बाराबंकी/रायबरेली/बांदा (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत का दावा करते हुए सोमवार को कहा कि प्रभु श्रीराम भी यही चाहते हैं कि उनका परम भक्त एक बार फिर देश की सत्ता संभाले।

योगी ने बाराबंकी संसदीय क्षेत्र के हैदरगढ़, रायबरेली संसदीय क्षेत्र के सरैनी और बांदा में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। सरैनी में भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव जिताने की अपील करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल गांधी वोट मांगते हैं रायबरेली से, लेकिन उनको समर्थन पाकिस्तान से मिलता है। इसके पहले यहां हैदरगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''चौथे चरण के मतदान के साथ ही मोदी लहर अब सुनामी बन चुकी है।''

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिना चेहरा और जाति देखे सबको विकास की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उन्होंने कहा, ''हमारे आराध्य प्रभु श्री राम भी यही चाहते हैं कि उनका परम भक्त एक बार फिर देश की सत्ता संभाले।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में तीसरे चरण में चली मोदी लहर अब चौथे चरण में सुनामी बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 'फिर एक बार मोदी सरकार' का स्वर पूरे देश में गूंज रहा है। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका इतिहास घोटालों का रहा है। योगी ने कहा कि ये लोग बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं मगर सच्चाई यही है कि इनके समय लोग भूख से मरते थे, किसान आत्महत्या करता था और नौजवान पलायन करता था।

योगी ने कहा, ''मगर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 10 साल में जो परिवर्तन देखने को मिला है, हम सब उसके साक्षी हैं। पिछले चार साल से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है, 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिला है।''

## सीबीएसई परीक्षा में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन न करने वाले प्रयास जारी रखें: प्रधान



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षा में अपनी उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन न कर सकने वाले 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक संदेश में कहा कि वे प्रयास जारी रखें क्योंकि उनके लिए ''गौरव का क्षण दूर नहीं है''। सीबीएसई ने सोमवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए।

प्रधान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले अपने युवा मित्रों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं। आप सफलता और अपने परिश्रम के फल का आनंद लें, इस समय का उपयोग उच्च अध्ययन के लिए एक प्रभावी योजना बनाने में भी करें। सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'' उन्होंने कहा, मेरे वे सभी मित्र हिम्मत न हारें जो अपनी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। आप सभी में किसी भी चुनौती से पार पाने की क्षमता है। मुझे यकीन है कि आपके गौरव का क्षण दूर नहीं है। प्रयास करते रहें। सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारी। इसके साथ ही उत्तीर्ण प्रतिशत और 90 तथा 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में मामूली वृद्धि देखी गई। दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत 93.60 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष से 0.48 प्रतिशत अधिक है।



## राहुल गांधी वोट बैंक खोने के डर से राम मंदिर नहीं गए : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला के दर्शन करने नहीं गए क्योंकि उन्हें वोट बैंक खोने के डर है।

महाराष्ट्र के धुले जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को निरस्त करने के फैसले का विरोध किया। उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे से जानना चाहा कि कांग्रेस नेता के इस रुख पर उसकी क्या राय है? कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना यूबीटी महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) और राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया' गठबंधन के घटक हैं। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में इस साल जनवरी में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल राम मंदिर के मुद्दे का समाधान किया बल्कि उसके निर्माण में भी सहायता की। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी को (प्राण प्रतिष्ठा समारोह) निमंत्रण दिया गया था लेकिन वह वोट बैंक के खोने के डर से नहीं गए। भारतीय जनता पार्टी को ऐसा कोई डर नहीं है।''

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस ने इसी तुष्टीकरण की राजनीति के कारण जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को नहीं हटाया। उन्होंने कहा, ''गांधी ने अनुच्छेद-370 को निरस्त करने का विरोध किया। मैं उनके सहयोगी उद्धव ठाकरे से पूछना चाहता हूं कि गांधी के रुख पर उनकी क्या राय है। गांधी और कांग्रेस ने वीर सावरकर का अपमान किया। ठाकरे को इस बारे में क्या कहना है?''

शाह ने कहा, ''मैं उद्धव ठाकरे से स्पष्टकीण चाहता हूं। 'इंडिया' गठबंधन के एक घटक एम.के. स्टालिन नीत द्रमुक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) है और उनके (स्टालिन के)बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म का अपमान किया। क्या उद्धव ठाकरे उससे सहमत हैं?

## बंगाल में चौथे चरण के मतदान के दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाएं, भाजपा नेता दिलीप घोष के काफिले पर हमला



**कोलकाता/भाषा।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीट पर मतदान के दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाएं सामने आयीं। हिंसा प्रभावित बीरभूम और बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने दावा किया कि अब तक मतदान शांतिपूर्ण रहा है। उसने कहा कि उसे दोपहर एक बजे तक विभिन्न राजनीतिक दलों से 1,700 शिकायतें मिली हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में खराबी और एजेंट को बूथ में प्रवेश करने से रोकने का आरोप लगाया गया है। बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा सीट के सुसुनिया क्षेत्र में दोपहर के समय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा समर्थकों के बीच उस दौरान झड़प हो गई जब भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष मतदान केंद्र पर गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद एक बूथ पर जा रहे थे। जब घोष रास्ते में थे, टीएमसी समर्थकों ने उनके काफिले को रोका और उनके वाहन के सामने बैठ गए और उनके खिलाफ

# राहुल गांधी की 'खटा-खट' योजनाओं पर सीतारमण ने कांग्रेस को घेरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम चुनावों के दौरान कांग्रेस को उसकी विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को लेकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस को गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने समेत सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की लागत के बारे में पता भी है?

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, , ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार के राजकोषीय प्रबंधन (विशेषकर कर्ज को लेकर) के बारे में हाल के दिनों में बहुत कुछ कहा गया है।'' उन्होंने कहा, ''कई बार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर विचार किये बिना निरपेक्ष या पूर्ण आंकड़ों की तुलना की गई है। जबकि हम जीडीपी के आधार पर कर्ज की गणना करते हैं। मैं कांग्रेस के उलट एक स्पष्ट तस्वीर सामने रखना चाहूंगी। कांग्रेस ऊंचे-ऊंचे वादों के पीछे चीजों को छिपाती है जो कतई पारदर्शी नहीं हैं और वास्तविकता से कोसों दूर है।'' सीतारमण ने कहा, ''क्या कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में किये गये ऊंचे-ऊंचे वादों की लागत पर विचार किया है? क्या उन्होंने गणना की है कि 'खटा-खट' योजनाओं की वित्तीय लागत कितनी होगी? क्या वे उनके लिए बड़े पैमाने पर उधार लेंगे या वे इसके लिए कोष देने के लिए कर बढ़ाएंगे?'' उन्होंने कहा कि आखिर राहुल गांधी 'खटा-खट' योजनाओं की वित्तीय लागत को पूरा करने के लिए कितनी कल्याणकारी योजनाएं बंद करेंगे? पिछले महीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो पार्टी देश के हर गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में सालाना एक लाख रुपये डालेगी। उन्होंने कहा, ''क्या राहुल गांधी इन सवालों का जवाब देना चाहेंगे और बताएंगे कि उनकी राजकोष के मोर्चे अधिक खर्चे वाली योजनाएं बिना कर बढ़ाये या भारी उधार लिए और अर्थव्यवस्था को गिराये बिना कैसे काम करेंगी? अच्छा यह होगा कि वह देश के लोगों के लिए इन सवालों का जवाब दें। यह उनके लिए एक चुनौती है।''

वित्त मंत्री के अनुसार सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार का राजकोषीय प्रबंधन संप्रग की तुलना में काफी बेहतर है। यह स्थिति तब है जब कोविड-19 महामारी का सामना करने के लिए राहत प्रयासों को लेकर काफी संसाधन का उपयोग किया गया था।

## बंगाल की महिलाओं के आत्मसम्मान व गरिमा से खिलवाड़ न करें प्रधानमंत्री मोदी: ममता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बोंगांव (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहा कि वह अत्याचारों के बारे में झूठे दावे करके राज्य की महिलाओं के आत्म-सम्मान और गरिमा के साथ खिलवाड़ न करें।

बोंगांव में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी ने कहा कि मोदी को यह ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल की स्थिति भाजपा शासित राज्यों जैसी नहीं है। उन्होंने कहा, ''महिलाओं के आत्मसम्मान के साथ न खेलें, हमारी माताओं और बहनों की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने की साजिश न रचें।'' प्रधानमंत्री ने रविवार को अपनी जनसभाओं में आरोप लगाया कि टीएमसी संदेशखालि में कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रही है, जहां टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगा है। हालांकि, हाल ही में सामने आए एक कथित वीडियो में, संदेशखालि के एक भाजपा नेता को यह कहते हुए सुना गया था कि नेता प्रतिपक्ष शुभेंदू अधिकारी के इशारे पर महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया था और इस पूरी साजिश में उनका हाथ था। ऐसे ही एक अन्य वीडियो में पहले बलात्कार की शिकायत दर्ज कराने वाली महिलाओं के एक वर्ग ने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने उनसे एक कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए और थाने जाने के लिए मजबूर किया।

## 'इंडि' गठबंधन के पक्ष में लहर, तीन हफ्ते में प्रधानमंत्री की सत्ता से विदाई : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद सोमवार को दावा किया कि देश में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की लहर है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता से विदाई में सिर्फ तीन सप्ताह का समय बचा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि निर्वाचन आयोग बिना किसी देरी के चौथे चरण के मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करेगा। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट किया, आज चौथा चरण खत्म होने के साथ अब तक 379 सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी की विदाई में सिर्फ तीन हफ़्ते बचे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव की दिशा अब बिल्कुल साफ़ है। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा दक्षिण में साफ़ एवं उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत में 'हाफ' होने जा रही है।

रमेश ने दावा किया, यही कारण है कि प्रधानमंत्री के चेहरे पर घबराहट साफ दिख रही है। वह हर चरण की वोटिंग के बाद और भी ज्यादा हताश और निराश दिखने लगते हैं। प्रथम चरण की वोटिंग के बाद उन्होंने लोगों को डराना शुरू कर दिया और ध्रुवीकरण का सहारा लिया। दूसरे चरण के बाद वह हास्यास्पद रूप से भैंसों को छीनने की साज़िश का आरोप लगाने लगे और बेशर्मी से झूठ बोलने लगे। तीसरे चरण के मतदान के बाद तो उन्होंने पूरी तरह से अपना नियंत्रण ही खो दिया है - उन्होंने आरोप लगाया कि उनके दो सबसे पसंदीदा मित्रों के पास काला धन भरा हुआ है, जिसकी सप्लाई वे टेम्पो से करते हैं।''

उन्होंने कहा, सोचिए, उनकी पार्टी की ज़मीनी हक़ीक़त कितनी ख़राब है कि अब उन्होंने अपने मित्रों पर हमला शुरू कर दिया है। उन्होंने पहली बार उनके बिज़नेस के साथ अपनी सरकार की सांठगांठ को भी अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार किया है। रमेश ने कहा कि इस चुनाव में प्रधानमंत्री और भाजपा का कोई भी सकारात्मक प्रचार नहीं है।

## सत्ता में आने पर अवध क्षेत्र को अलग राज्य बनाएंगे : मायावती



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी के केन्द्र की सत्ता में आने पर 'अवध क्षेत्र' को अलग राज्य बनाया जाएगा।

मायावती ने लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन के अपने पुराने रुख को दोहराते हुए कहा, ''लखनऊ से अवध क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग रही है कि अवध को अलग राज्य बनाया जाए। जब केंद्र में हमारी पार्टी सत्ता में आएगी तो अवध क्षेत्र को अलग से राज्य बनाया जाएगा, जिसमें लखनऊ भी आता है।'' नवंबर 2011 में मायावती की तत्कालीन सरकार ने उत्तर प्रदेश को चार राज्यों पूर्वांचल, पश्चिम प्रदेश, अवध प्रदेश और बुन्देलखंड में बांटने का विधेयक पारित किया था। हालांकि, केंद्र की तत्कालीन कांग्रेसनीत गठबंधन सरकार ने कई स्पष्टीकरण मांगते हुए उसे राज्य सरकार के पास वापस भेज दिया था। बसपा प्रमुख ने केंद्र की सत्ता में आने पर उत्तर प्रदेश में अपने चार बार के शासन की ही तरह सर्वजन हितकारी काम करने का इरादा भी जताया।

मायावती ने आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस, भाजपा और अन्य विरोधी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि जब उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार थी तब तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पूरे प्रदेश में एससी-एसटी वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के पदोन्नति में आरक्षण को पूरी तरह खत्म कर दिया था। उन्होंने कहा कि जब पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए बसपा संसद में संशोधन विधेयक लाई तो उस वक्त कांग्रेस सत्ता में थी और भाजपा विपक्ष में।

उन्होंने कहा कि उस वक्त दोनों पार्टियां अंदरखाने मिल गईं और सपा को आगे करके उन्होंने इस विधेयक को पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि आज जब चुनाव हो रहा है तो यह सभी पार्टियां आरक्षण देने की बात कह रही हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि देश के प्रथम कानून मंत्री डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से एससी-एसटी वर्गों के आरक्षण का कोटा पूरी तरह भरे जाने के लिये एक आयोग बनाने के लिए कहा था मगर कांग्रेस इसके लिये तैयार नहीं हुई।

## शादी के सवाल पर बोले राहुल, अब जल्दी करनी पड़ेगी



**रायबरेली (उप्र)/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन करने के बाद सोमवार को जब यहां पहली बार एक रैली को संबोधित कर रहे थे तो उन्हें इस सवाल का सामना करना पड़ा कि वह शादी कब कर रहे हैं। इसके जवाब में अगले महीने 54 साल की उम्र पूरी करने जा रहे राहुल ने कहा, ''अब जल्द करनी पड़ेगी।''

रायबरेली संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल गांधी यहां के महराजगंज स्थित 'मेला मैदान' में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने सभा में अपने संबोधन के समापन के समय अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा को मंच पर बुलाया और उनके कंधे पर हाथ रखते हुए रायबरेली में चुनाव प्रचार के लिए उनकी सराहना की। गांधी ने कहा, ''देशभर में मैं दौरा कर रहा हूं और मेरी बहन यहां संभाले हुए है, इसके लिए धन्यवाद।''

इस दौरान प्रियंका गांधी ने सामने की ओर इशारा करते हुए कहा, ''पहले इस सवाल का जवाब दो।'' सामने उपस्थित लोगों में से किसी व्यक्ति ने सवाल किया था कि आप शादी कब कर रहे हैं। इसके जवाब में राहुल ने कहा, ''अब जल्दी ही करनी पड़ेगी।''

## मोदी तानाशाही में भरोसा करते हैं, विपक्ष इस चुनाव में उन्हें सबक सिखाएगा : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लातेहार (झारखंड)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तानाशाही में भरोसा करते हैं और विपक्ष इस चुनाव में उन्हें सबक सिखाएगा। खरगे ने चतरा से कांग्रेस के उम्मीदवार के एन त्रिपाठी के समर्थन में यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस) गठबंधन से अलग नहीं होने के कारण जेल में डाल दिया गया।

खरगे ने कहा, ''हम लोकतंत्र में भरोसा करते हैं और वह तानाशाही में विश्वास करते हैं। हम उन्हें सबक सिखाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के हथियार हैं और हम उनके द्वारा प्रचारित आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ लड़ रहे हैं।''

खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अभिनेताओं और उद्योगपतियों को आमंत्रित करना नहीं भूले, लेकिन उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित नहीं किया।

## ओडिशा में मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर संसदीय बोर्ड करेगा फैसला : भाजपा

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में भाजपा के मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा को लेकर अटकलों के बीच पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख मनमोहन सामल ने कहा कि पार्टी का संसदीय बोर्ड इस संबंध में फैसला करेगा। सामल ने वरिष्ठ नेताओं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान,पूर्व मंत्री और बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी, भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा की मौजूदगी में संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। इससे पहले दिन में, सत्तारूढ़ बीजू जनता दल के नेताओं ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट करके अनुमान जताया था कि भाजपा अपने मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा करेगी। सामल ने कहा, उन्हें (बीजद) हम पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अपनी पार्टी के बारे में सोचना चाहिए।

# भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति मेघालय में शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और फ्रांस के बीच अभ्यास शक्ति का सातवां संस्करण सोमवार को मेघालय में शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य विविध क्षेत्र में अभियान के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त सैन्य अभ्यास का लक्ष्य दोनों मित्र देशों के बीच रक्षा सहयोग और उनके द्विपक्षीय संबंधों को भी बढ़ावा देना है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 13-26 मई तक आयोजित होने वाला शक्ति अभ्यास दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा। संयुक्त अभ्यास से दोनों देशों के सशस्त्र बलों के कर्मियों के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस अभ्यास से दोनों देशों के बीच न केवल रक्षा सहयोग का स्तर बढ़ेगा बल्कि द्विपक्षीय संबंधों को भी बढ़ावा मिलेगा। अभ्यास शक्ति एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो बारी-बारी से भारत और फ्रांस में आयोजित किया जाता है।

इसका पिछला संस्करण नवंबर 2021 में फ्रांस में आयोजित किया गया था। अभ्यास के सातवें संस्करण की सोमवार को मेघालय के उमरोई में पूर्ण रूप से विकसित और आधुनिक विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरूआत हुई। बयान में कहा गया कि संयुक्त अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भारत में फ्रांस के राजदूत महामहिम थियरी मथोउ और 51 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रसन्ना सुधाकर जोशी शामिल हुए।

भारत की 90 कर्मियों वाली टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन के अलावा अन्य टुकड़ियों और सेवाओं के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के पर्यवेक्षक भी इस अभ्यास का एक हिस्सा बनेंगे।

बयान में कहा गया, ''90 कर्मियों वाली फ्रांसीसी टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से 13वीं फॉरन लेजियन हाफ-ब्रिगेड (13वीं डीबीएलई) के कर्मियों द्वारा किया जाएगा।'' संयुक्त अभ्यास में अर्द्ध-शहरी और पर्वतीय इलाकों में अभियान पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। संयुक्त प्रशिक्षण से अर्जित किए जाने वाले उद्देश्यों में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, सामरिक स्तर पर अभियान के लिए अभ्यास और परिष्कृत अभ्यास तथा सर्वोत्तम तौर तरीकों को साझा करना शामिल है।

## आरसीबी को फिर से कोहली को कप्तानी सौपनी चाहिये : हरभजन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तानी विराट कोहली को वापस देने की वकालत करते हुए कहा कि इस दिग्गज खिलाड़ी के पास अगले सत्र में टीम को आगे ले जाने के लिए जोश, प्रतिबद्धता और आक्रामकता का बढ़िया संयोजन है।

कोहली मौजूदा आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में 13 मैचों में 661 रन के साथ शीर्ष स्कोरर है। उन्होंने इस दौरान 155.16 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये है। आरसीबी की टीम 13 मैच में 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान के साथ प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। हरभजन ने 'स्टार स्पोर्ट्स' के कार्यक्रम 'प्रेस रूम ' में कहा, '' अगर वे क्वालीफाई (प्लेऑफ के लिए) करने में विफल रहते हैं तो उन्हें (कप्तानी के लिए) किसी भारतीय खिलाड़ी की ओर देखना चाहिये। क्यों ना फिर विराट कोहली को कप्तान बनाया जाये। (महेंद्र सिंह) धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स की टीम पर काफी प्रभाव है, विराट कोहली भी बड़े कप्तान है, उन्हें पता है कि टीम को किस तरह की क्रिकेट खेलने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, '' अब वे बहुत आक्रामकता, बहुत जज्बे के साथ खेल रहे हैं और यही बात विराट कोहली के साथ भी है। मैं विराट कोहली को जिम्मेदारी के साथ टीम का नेतृत्व करते हुए देखना चाहूंगा।''

## सुविचार

**संबंध जोड़ना एक कला है, लेकिन सम्बन्ध को निभाना एक साधना है, जिंदगी में हम कितने सही और कितने गलत हैं, ये सिर्फ दो ही जानते हैं, ईश्वरऔर अपनी अंतरआत्मा और हैरानी की बात है कि दोनों नजर नहीं आते।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# केजरीवाल को जमानत

लोकतांत्रिक परंपराओं की सरंक्षक देश की शीर्ष अदालत ने आखिरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आम आदमी पार्टी के चुनाव अभियान को गति देने हेतु एक जून तक के लिये अंतरिम जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल को सशर्त यह जमानत दी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा था कि केजरीवाल दिल्ली के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। वे कोई आदतन अपराधी नहीं हैं। कोर्ट का यह भी मानना था कि लोकसभा के चुनाव पांच साल में एक बार आते हैं। ऐसे में केजरीवाल को जमानत देने में कोई हर्ज नहीं है। केजरीवाल को 21 दिन की राहत देकर शीर्ष अदालत ने अपरोक्ष रूप से यही संदेश दिया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी मुकाबले में हर दल व नेता को बराबरी का मौका मिलना चाहिए। इसी सोच के अनुरूप दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत मिली है। उल्लेखनीय है कि कथित शराब घोटाला कांड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में केजरीवाल को गत 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। अब केजरीवाल को दो जून को आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि माना उन पर लगाए गए आरोप गंभीर हैं,लेकिन उन पर लगाए गए आरोप अभी सिद्ध नहीं हुए हैं। वहीं जमानत देने के साथ अदालत ने कुछ शर्तें भी लगाई हैं। इस दौरान केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय और न ही सचिवालय जा पाएंगे। वे अपने केस से जुड़े किसी गवाह से कोई संपर्क करने की कोशिश भी नहीं करेंगे। उन्हें जेल से रिहाई के लिये पचास हजार रुपये की जमानत भरने को भी कहा गया। साथ ही इस दौरान वे किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे। यदि बहुत जरूरी हुआ तो उप राज्यपाल की अनुमति से ऐसा कर पाएंगे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को निर्देश दिया कि वह शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी भूमिका के बारे में कोई बयानबाजी न करें।

बहरहाल, शीर्ष अदालत के इस फैसले के बाद आम आदमी पार्टी तथा इंडिया गठबंधन के लिये चुनाव प्रचार अभियान में तेजी आने की उम्मीद जतायी जा रही है। हालांकि, इससे पहले ईडी ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का पुरजोर विरोध किया था। प्रवर्तन निदेशालय का तर्क था कि चुनाव प्रचार किसी व्यक्ति का मौलिक अधिकार नहीं है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। केजरीवाल की रिहाई के बाद इंडिया गठबंधन के खेमे में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गठबंधन के स्टार प्रचारक केजरीवाल का यूं तो दिल्ली में ही ज्यादा बोलबाला रहा है, जहां वे कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। यहां गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के लिये आप के हिस्से में चार व कांग्रेस को तीन सीटें आई हैं। इस गठबंधन के तहत हरियाणा की कुरुक्षेत्र सीट आप के हिस्से में आई है। जहां 25 मई को वोट पड़ने हैं। वहीं पंजाब में सीटों को लेकर आप व कांग्रेस में कोई समझौता नहीं हो सका है। राज्य की तेरह सीटों पर आम आदमी पार्टी अकेले ही चुनाव लड़ रही है। पंजाब में अंतिम चरण में एक जून को वोटिंग होनी है। आप को दिल्ली व पंजाब में ज्यादा उम्मीदें हैं। अब तक दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की पत्नी चुनाव प्रचार की बागडोर संभाले हुए थीं। उन्होंने रामलीला मैदान रैली के अलावा कुछ रोड शो भी किये थे। साथ ही वे संकल्प सभा व 'जेल का जवाब वोट से' अभियान में भी सक्रिय रहीं। वहीं पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान ही चुनाव अभियान की बागडोर संभाले हुए थे। बहरहाल, केजरीवाल की रिहाई से इंडिया गठबंधन का उत्साह खासा बढ़ा है। पिछले दिनों जेल से रिहा हुए आप नेता संजय सिंह भी उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में इंडिया गठबंधन की रैलियों में शिरकत करते रहे हैं। ऐसी ही उम्मीद गठबंधन के नेता केजरीवाल से भी कर रहे हैं ताकि पूरे देश में राजग गठबंधन के खिलाफ आक्रामक प्रचार किया जा सके।

## ट्वीटर टॉक




लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं से अपील करता हूँ कि आज एक ऐसी सरकार बनाने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुँचें, जिसका विरासतों का सम्मान ध्येय हो।

**-अमित शाह**



दिल्ली के वसंत वैली स्कूल व सूरजमल जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने संसद भवन भ्रमण के दौरान भेंट की। विद्यार्थियों से संवाद, उनके नवाचारों को जानना हमेशा मनभावन होता है। सभी को शुभकामनाएं दी कि वे अपने लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए खूब मेहनत करें।

**-ओम बिरला**



इस गर्मी में इतनी विशाल संख्या में आशीर्वाद देने आई बिहार के सारण की जनता-जनार्दन का मैं हृदय से आभारी हूं। आपका उत्साह बता रहा है कि केंद्र में लगातार तीसरी बार बीजेपी-एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

### आत्मविश्वास की मिसाल

डॉ. बीरबल साहनी एक सुप्रसिद्ध शिक्षक और वैज्ञानिक थे। वे बड़े देशभक्त थे, बड़ी सादगी से रहते थे। वे प्राय: सफेद खद्दर की अचकन, चूड़ीदार पायजामा तथा गांधी टोपी धारण करते थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा लाहौर के सेंट्रल मॉडल स्कूल में हुई। उन्होंने बी.एससी. की पढ़ाई कैंब्रिज के इमैनुअल कॉलेज से की। एक बार बी.एससी. की परीक्षा के प्रश्नपत्रों में से एक परचे में गलती से उससे पहले साल के सारे प्रश्न दुबारा पूछ लिए गए थे। बीरबल ने यह बात एक कक्ष-निरीक्षक को बतलाई। जब निरीक्षक ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया तो वे उसी क्षण बिना परीक्षा दिए परीक्षा कक्ष से बाहर निकल आए। बाद में विश्वविद्यालय की सीनेट ने उनकी बात को सही पाया तथा उस परचे का इम्तिहान फिर से लिया गया। उन्हें खुद पर इतना भरोसा था।

## सामयिक

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं। दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है।

पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निर्माताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी।

भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है।

दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है।

यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग आर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दो' जैसे नारे लगाते नजर आए थे। वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला। अधिकांश लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

पीओके के लोग चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का भी विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि गलियारे की आड़ में उनकी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाएगा और भारत के जवाबी हमले उन्हें झेलने पड़ेंगे। चूकि भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा, उसकी सैन्य ताकत का मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये संभव नहीं रहा है, इसलिये बिना मतलब भारत के आक्रमण को झेलने से स्वयं को बचाने के लिये पीओके के लोग भारत में विलय को ही उचित मानते हैं। पीओके में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिस तरह भारतीय तिरंगा लहराया जा रहा है और भारत में विलय के स्वर उठ रहे हैं, उससे भविष्य में इस विवादित क्षेत्र पर निर्णायक पटकथा लिखे जाने के आसार नजर आ रहे हैं। भारत को पीओके के घटनाक्रम पर नजर बनाए रखने की जरूरत है, ताकि इससे हमारे सुरक्षा हितों पर प्रतिकूल असर न पड़े एवं भविष्य की नीतियों का निर्धारण करने में सुविधा रहे।

## मुद्दा

# खुद की गारंटी नहीं, मगर दूसरों को गारंटी देते घूम रहे

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218




शराब घोटाले में जेल से बाहर आये दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल लोकसभा चुनाव में जीतने पर गारंटियों का भरोसा दे रहे है जनता जनार्दन को। खुद की पार्टी देशभर में सिर्फ दो दर्ज़न सीटों पर चुनाव लड़ रही है मगर ढोल ऐसा पीट रहे है जैसे लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ रहे है। गारंटियों में मुफ्त बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के साथ चीन द्वारा कब्जाई जमीन वापस लौटने की बात भी कही गई है। केजरीवाल 20 दिनों के लिए जेल से बाहर आये है और 2 जून को वापस जेल चले जायेंगे। जेल से बाहर आते ही केजरीवाल मोदी पर हमलावर हो गए है और लोगों को बता रहे है मोदी जीते तो संविधान को ख़त्म कर देंगे और आगे चुनाव नहीं होंगे।

खुद को कट्टर ईमानदार बताने वाले आज खुद भ्रष्टाचरण में जेल की हवा खा रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल अन्ना आंदोलन के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करते तिहाड़ जेल में बंद हुए थे और आज वही केजरीवाल खुद भ्रष्टाचार के आरोपों में तिहाड़ जेल में बंद है और तीन सप्ताह के लिए जेल से बाहर आये है। इसे विधि का विधान ही कहा जायेगा कि अन्ना आंदोलन के दौरान सोनिया गांधी को भ्रष्टाचरण में जेल भेजने की मांग करने वाले अरविन्द केजरीवाल आज खुद तिहाड़ जेल में बंद है। मज़े की बात तो यह है कि सोनिया गांधी आज केजरीवाल के समर्थन और बचाव में खड़ी है। केजरीवाल अब सोनिया के स्थान पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे है। सियासी क्षेत्रों में यह बताने वालों की कोई कमी नहीं है कि अन्ना आंदोलन को हवा देने वालों में भाजपा और उनके पैरोकार बाबा रामदेव का बड़ा हाथ था। यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि वह आंदोलन खालिस कांग्रेस के खिलाफ था और परदे के पीछे भाजपा आग में घी डालने का काम कर रही थी। जो भी हो अन्ना आंदोलन के प्रमुख नायकों में केजरीवाल का बड़ा नाम था। भ्रष्टाचार के खिलाफ ईमानदार सेनानी की उनकी छवि बन गई थी। केजरीवाल तीसरी बार तिहाड़ जेल पहुंचे हैं। इससे पहले केजरीवाल को दो बार गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेजा गया था। पहली बार 2012 में अन्ना हजारे द्वारा चलाए गए भ्रष्टाचार रोधी आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया गया था और दूसरी बार 2014 में नितिन गडकरी द्वारा दायर मानहानि के मामले में गिरफ्तार हुए थे। अन्ततोगत्वा केजरीवाल ने अन्ना का साथ छोड़कर अपनी पार्टी आम आदमी पार्टी का गठन कर लिया। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को भरपूर समर्थन दिया और आज भारी बहुमत से आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता पर काबिज है। इस दौरान पंजाब की सत्ता भी केजरीवाल की पार्टी ने हासिल कर ली। यह अलग बात है कि सत्ता मिलने के बाद केजरीवाल के अन्ना आंदोलन के प्रमुख साथी उनका साथ छोड़ गए। खुद अन्ना भी उनसे विरक्त हो गए। केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली की सत्ता पर काबिज है। आश्चर्य की बात तो यह है कांग्रेस के खिलाफ लम्बा आंदोलन चलाकर कांग्रेस से दिल्ली का ताज छीनने वाले केजरीवाल आज खुद भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर गए है और कांग्रेस उनके साथ खड़ी है। केजरीवाल शराब घोटाले में अपने साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के साथ तिहाड़ जेल में बंद है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संस्थापक अरविन्द केजरीवाल की राजनीति बड़ी अजब गजब है। कांग्रेस के खिलाफ लम्बे जन आंदोलन के बाद आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। उस दौरान अन्ना आंदोलन अपने परवान पर था और केजरीवाल उनके प्रमुख सेनानी थे। केजरीवाल ने अन्ना आंदोलन में कांग्रेस को नंबर एक भ्रष्टाचारी पार्टी घोषित कर सोनिया गाँधी को जेल भेजने की सार्वजनिक मांग की थी। आज वही केजरीवाल कांग्रेस से गलबहियां बढ़ा रहे है। प्रधान मंत्री मोदी को उन्होंने अपना दुश्मन घोषित कर दिया है। लोगों का कहना है केजरीवाल ने मोदी पर अनाप शनाप आरोप लगाकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना होगा। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से चुनावी समझौता किया है। मगर केजरीवाल की मुसीबत यहीं ख़त्म नहीं हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ अलख जगाने वाले अरविन्द केजरीवाल आज खुद भ्रष्टाचार और घोटाले के आरोपों से घिरे है। इसमें शराब घोटाला प्रमुख है जिसमें आप पार्टी के कई नेता और मंत्री जेल में बंद है। जन आंदोलन की उपज आम आदमी पार्टी और उसके मुखिया, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल लगता है अपने ही बुने जाल में फंसते जा रहे है। लगातार विवादित भाषण उनके गले की फांस बन गए है।

## नजरिया

# लखनऊ क्या फिर बनेगा रक्षा मंत्री राजनाथ का 'रक्षा कवच'?

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की लखनऊ लोकसभा सीट देश की सबसे चर्चित सीटों में शामिल रही है। प्रभु श्रीराम के अनुज लक्ष्मण की नगरी लखनऊ ने अपने लम्बी जीवन यात्रा में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं।यहां मुगलों ने भी शासन किया।इसी दौर में अवध की शाम की चर्चा ता समुंदर पार तक होने लगी,लेकिन इसमें खट्टी-मीठी दोनों तरह के यादें शामिल हैं। तहजीब के इस शहर के आबो-हवा और सुकून के चर्चे तो दुनियाभर में मशहूर हैं। इसी के लिए लोग यहां खिंचे चले आते हैं।लखनऊ शहर की खासियत के बारे में यहां के मशहूर शायर अजीज लखनवी ने लिखा है-वो आबो-हवा, वो सुकून, कहीं और नहीं मिलता। मिलते हैं बहुत शहर, मगर लखनऊ-सा नही नहीं मिलता। यहां के वर्तमान सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। भाजपा ने लगातार तीसरी बार राजनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि सपा ने इस बार रविदास मेहरोत्रा पर दांव लगाया है। अगर लोकसभा चुनाव 2019 की बात करें तो भाजपा के राजनाथ सिंह ने सपा बसपा के संयुक्त उम्मीदवार रहे अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को 3,47,302 वोट से हराकर जीत हासिल की थी। लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के जातीय समीकरण की बात करें तो यहां सामान्य और मुस्लिम वर्ग के मतदाता हैं। जिसमें ब्राह्मणों की संख्या अधिक है। इसके बाद मुस्लिम आबादी है, जिसमें शिया की संख्या ज्यादा है। फिर वैश्य समाज के मतदाता आते हैं। यहां कायस्थ वोटरों की भी अच्छी खासी संख्या है। इस सीट पर दलित और ओबीसी मतदाताओं की संख्या सामान्य और मुस्लिम वर्ग की तुलना में बेहद कम है।



बात अतीत की कि जाये तो 1951-52 में जब देश के पहले लोकसभा चुनाव हुए, उस वक्त उत्तर प्रदेश में लखनऊ जिला-बाराबंकी जिला और लखनऊ जिला मध्य नाम से दो सीटें थीं। लखनऊ जिला मध्य सीट से कांग्रेस की विजय लक्ष्मी पंडित जीती थीं। इसरी के साथ 1951 से लेकर 1984 तक दो बार के अलावा यहां से कांग्रेस की ही जीत का परचम फहराया। 1967 में निर्दलीय आनंद नारायण मुल्ला तो इमरजेंसी के बाद 1977 के आम चुनाव में भारतीय लोकदल से हेमवती नंदन बहुगुणा चुनाव जीते। देश में पहली बार 1951 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस की विजय लक्ष्मी जो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की बहन थीं, ने चुनाव जीता था। 1957 में पुलिन बिहारी बनर्जी,1962 में बीके धवन,1971 और 80 में शीला कौल ने बतौर कांग्रेस प्रत्याशी यहां से जीत हासिल की। इसके बाद 1989 में जनता दल से मांधाता सिंह फिर 1991 से 2004 तक पांच बार यहां से बीजेपी के अटल बिहारी वाजपेयी सांसद रहे,लेकिन दो चुनावों में अटल जी को हार का भी सामना करना पड़ा था। अटल जी के राजनीति से सन्यास लेने के बाद 2009 में बीजेपी लालजी टंडन यहां से सांसद बने। तत्पश्चात 2014 और 2019 में बीजेपी के राजनाथ सिंह यहां से सांसद चुने गये।तीसरी बार भी वह लखनऊ से किस्मत अजमा रहे हैं। वहीं, सपा ने रविदास मेहरोत्रा को अपना प्रत्याशी है। लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभाएं आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ लोकसभा में पड़ने वाली पांच में से तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। वहीं, दो सीटों पर सपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। बहरहाल,अतीत के पन्नों मो पलटा जाये तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लगातार पांच बार यहां से सांसद रहे हैं। उसी दौरान यहां बीजेपी ने अपनी मजबूत पकड़ बना ली थी। उनके समय से ही इस सीट पर भाजपा का दबदबा हो गया,जो सिलसिला फिर रूका नहीं। यहां के वर्तमान सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। भाजपा ने लगातार तीसरी बार राजनाथ सिंह को उम्मीदवार हैं। कुल मिलाकर प्रदेश में भले ही शासन करने वाले राजनैतिक दल बदलते रहे हों, पर लोकसभा चुनाव में राजधानी में कांग्रेस और भाजपा का वर्चस्व रहा है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

जश्न



सोमवार को पटना में सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित होने के बाद छात्रों ने अपनी सफलता का जश्न मनाया।

## नेपाल के उप प्रधानमंत्री ने प्रचण्ड नीत सरकार से इस्तीफा दिया

काठमांडू/भाषा। नेपाल के उप प्रधानमंत्री और वरिष्ठ मधेसी नेता उपेंद्र यादव ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी पार्टी सरकार से अलग हो गई, जिससे प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचण्ड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को झटका लगा है।

मधेसी नेता के करीबी सूत्रों ने बताया कि स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री यादव ने सोमवार सुबह प्रचण्ड को अपना इस्तीफा सौंप दिया। यादव के साथ ही वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दीपक कार्की ने भी अपना त्याग पत्र दे दिया है। वह भी यादव की पार्टी से ही आते हैं।

यादव जनता समाजबादी पार्टी-नेपाल (जेएसपी-नेपाल) के प्रमुख हैं और इस पार्टी में हफ्ते भर पहले विभाजन हो गया था और वरिष्ठ नेता अशोक राय ने जनता समाजबादी पार्टी नाम से नया दल बना लिया है। निर्वाचन आयोग ने नई पार्टी को मान्यता दे दी है।

यादव ने कहा, मैंने आज सुबह अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री प्रचंड को सौंप दिया। वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, मुझे सरकार के साथ अपना सहयोग जारी रखना अनुचित लगता है।

जेएसपी-नेपाल के प्रतिनिधि सभा में कुल 12 सदस्य थे। अब प्रतिनिधि सभा में पार्टी का संख्याबल घटकर पांच रह गया है, क्योंकि राय और छह अन्य सांसद और केंद्रीय समिति के 30 सदस्य नई पार्टी में शामिल हो गए हैं।

प्रचण्ड की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार के पास अब भी बहुमत है। गठबंधन में शामिल सीपीएन-यूएमएल के पास प्रतिनिधि सभा में 77, सीपीएन (माओवादी केंद्र) के पास 32, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के पास 21, नवगठित जनता समाजबादी पार्टी के पास सात और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट (सीपीएन-यूएस) के पास 10 सीट हैं।

मतदान



भाजपा नेता और पार्टी उम्मीदवार पंकजा मुंडे और उनके परिवार के सदस्य सोमवार को महाराष्ट्र के बीड जिले के नाथरा में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए वोट डालने के बाद अमिट स्याही लगी अपनी उंगलियों को दिखाते हुए।

## पीओके में हड़ताल के चौथे दिन भी स्थिति तनावपूर्ण, प्रधानमंत्री ने 23 अरब रुपये का अनुदान आवंटित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ शुरू की गई पूर्ण हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही, जिसके चलते देश की सरकार को क्षेत्र में बढ़ती अशांति को खत्म करने के लिए तत्काल 23 अरब रुपये आवंटित करने पड़े।

विवादित क्षेत्र में शनिवार को पुलिस और मानवाधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं, जिसमें कम से कम एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी थे। शुक्रवार को पूर्ण हड़ताल करने से जनजीवन ठप हो गया।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि वह स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों और क्षेत्रीय सरकार के बीच गतिरोध समाप्त होने के बाद, क्षेत्र के लिए तत्काल 23 अरब रुपये प्रदान करने को सोमवार को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि अप्रत्याशित विरोध और इसकी संवेदनशीलता से चिंतित प्रधानमंत्री शरीफ ने सोमवार को यहां एक विशेष बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पीओके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक, स्थानीय मंत्री और शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने भाग लिया।

बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री शरीफ ने पीओके के लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए 23 अरब रुपये के तत्काल अनुदान को मंजूरी दी।

## पश्चिमी देशों में भारत के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने के साथ झूठी कहानी गढ़ी जा रही : भरत बराई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन/भाषा। एक प्रमुख भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य का कहना है कि भारत में आम चुनावों के बीच पश्चिमी देशों में भारतीय लोकतंत्र के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने के साथ झूठी कहानी गढ़ी जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता वाले कुछ लोगों की आलोचना से भारत को रोका नहीं जा सकता।

शिकागो में रहने वाले डॉ. भरत बराई ने अमेरिका सहित पश्चिमी देशों की मीडिया में कई समाचार लेखों और टिप्पणियों में भारत में लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की आजादी और मानवाधिकारों को लेकर उठाए जा रहे सवालों के संदर्भ में कहा, ''जरा सोचिये। लोग (भारत में रहने वाले) नरेन्द्र मोदी और अन्य बहुत से लोगों को बुरा-भला कह रहे हैं। अगर लोकतंत्र नहीं होता या फिर तानाशाही होती तो क्या वह ऐसा कर पाते?'' अग्रणी कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. बराई ने भारतीय लोकतंत्र की आलोचना के सवाल पर कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से गुजरा है और भारत में करीब 66 फीसदी लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। उन्हेंने सवाल किया कि आप कैसे कह सकते हैं लोकतंत्र काम नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि लोगों का एक वर्ग भारत के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैला रहा है और झूठी कहानी गढ़ रहा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, ''मुझे लगता है कि यह पूर्ण रूप से गलत सूचना है, पूरी तरह से गलत कहानी है, चाहे यह जानबूझकर किया गया हो या फिर कम जानकारी या गलत सूचना के कारण।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत में लोकतंत्र बेहद जीवंत है। डॉ. बराई ने ने रविवार को एक साक्षात्कार में कहा, ''मुझे लगता है कि पश्चिमी देशों में कुछ लोग ऐसे हैं जिनकी अब भी औपनिवेशिक मानसिकता है। उन्हें अब भी लगता है कि वह दुनिया के बेताज बादशाह हैं। वे उन लोगों में से एक हैं, जो दुनिया के दूसरे देशों में क्या चल रहा है उसपर अपनी राय रखते हैं और वे अपने आप को अयातुल्ला (महत्वपूर्ण नेता) समझते हैं, जिनकी राय अंतिम होगी।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन यह बदला हुआ भारत है। भारत ने पिछले 10 वर्षों में बहुत प्रगति की है। यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सेना की ताकत भी बढ़ी है। भारत अभी वास्तव में गुटनिरपेक्ष बना हुआ है।''

डॉ. बराई ने कहा, ''भारत की अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के साथ दोस्ती है, रूस भी उसका दोस्त है। इसलिए इस तरह की आलोचना से भारत को रोका नहीं जा सकता।'' उन्होंने कहा, ''सौभाग्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास इस तरह की सभी अनावश्यक चीजों से बचने के लिए काफी आत्मविश्वास और दमदार व्यक्तित्व है।''

डॉ. भरत बराई ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर उन सिख अलगाववादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए निशाना साधा, जो 'भारत के भीतर और भारतीय नेताओं के खिलाफ हिंसा की खुलकर षड्यंत्र रचते हैं और हिंसा का समर्थन करते हैं।





## वेब सीरीज 'स्टारडम' में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे शाहरुख

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान अपने बेटे आर्यन की वेबसीरीज स्टारडम में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आयेंगे। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान बतौर निर्देशक फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाले हैं। आर्यन 'स्टारडम' नाम की एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्टारडम की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसकी एडिटिंग का काम शुरू होने वाला है।कहा जा रहा है कि शाहरुख भी स्टारडम में खास किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म इंडस्ट्री में जिस तरह की जिंदगी होती है, शाहरुख का किरदार स्टारडम में वैसा हीं है। कहा जा रहा है कि वेब सीरीज स्टारडम में रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, करण जौहर, बॉबी देओल जैसे सितारों के भी कैमियो रोल में नजर में आ सकते हैं। इसके साथ ही शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में भी नजर आयेंगे।



## फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी


बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत राजकुमार और जाह्नवी के रोमांस से होती है। जान्हवी डॉक्टर हैं और राजकुमार शॉप चलाता है। वह क्रिकेट से जुड़े सामान बेचता है। माही का सपना है कि वह एक दिन क्रिकेटर बनेगा। हालांकि, उसका पिता इसके सख्त खिलाफ होता है। मिस्टर माही को एक बार खुद को साबित करने का मौका मिलता है, लेकिन वह हार जाता है।

राजकुमार की तरह जाह्नवी को भी क्रिकेट में दिलचस्पी होती है, लेकिन वह अपने पिता के चलते डॉक्टर बनती है। जब राजकुमार उसका टैलेंट देखता है तो वह उसे क्रिकेटर बनाने के लिए राजी करता है। जाह्नवी को एहसास होता है कि राजकुमार सिर्फ खुद को साबित करने के लिए उसे क्रिकेटर बना रहा है। उसमें कॉन्फिडेंस की कमी होती है कि वह नेशनल लेवल पर खेल पाएगी या नहीं। शरन शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, 31 मई को रिलीज होगी।

नामांकन



पाटलिपुत्र से राजद उम्मीदवार मीसा भारती सोमवार को पटना में अपना नामांकन दाखिल करने से पहले पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के साथ।



## सबसे खूबसूरत फिल्म है 'दिलदार सांवरिया 2' : यश कुमार

मुंबई/एजेन्सी

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म दिलदार सांवरिया 2,भोजपुरी सिनेमा की सबसे खूबसूरत फिल्मों में से एक होगी। यश कुमार इन दिनो अपनी 100वीं फिल्म दिलदार सांवरिया 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की शूटिंग अभी हाल ही संपन्न हुई है। फिल्म दिलदार सांवरिया 2 का निर्माण तन्वी मल्टीमीडिया के बैनर से किया गया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दीपक शाह है। इस फिल्म में यश कुमार के साथ सपना चौहान की केमिस्ट्री नजर आयेगी।

यश कुमार ने कहा कि सपना चौहान बेहद प्रतिभाशाली अदाकारा है। इस फिल्म में हमारी केमेस्ट्री लोगों को पसंद आएगी। यह पूरी फिल्म दर्शकों को खूब एंटरटेन करेगी। अभी हमने फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जल्द ही इसके पोस्ट प्रोडक्शन का काम शुरू हो जाएगा।

यश कुमार ने बताया कि फिल्म दिलदार सांवरिया 2 प्योर रोमांटिक फिल्म है और यह भोजपुरी सिनेमा की सबसे खूबसूरत फिल्मों में से एक होगी।

उन्होंने कहा कि यह मेरी फिल्मों की सेंचुरी है, इसलिए भी मेरे लिए खास है और मैं शुक्रगुजार हूं इस फिल्म के निर्माता का, जिन्होंने इस फिल्म को खास बनाने के लिए पूरा जी-जान लगा दिया है। इसके बाद हम सबों ने मिलकर फिल्म में अल्टीमेट काम करने की पूरी कोशिश की है, लेकिन फाइनल डिसीजन भोजपुरी सिने प्रेमियों को लेना है की फिल्म उन्हें कैसी लगी। अभी पोस्ट प्रोडक्शन के बाद जल्द ही फिल्म का ट्रेलर और फिर फिल्म के रिलीज की तारीख का ऐलान किया जाएगा। मैं आग्रह करूंगा कि जब भी फिल्म रिलीज हो आप सभी अपने परिजनों के साथ जाकर इस फिल्म को जरूर देखें।

फिल्म दिलदार सांवरिया 2 के लेखक एसके चौहान हैं। इस फिल्म में यश कुमार के साथ सपना चौहान, अवधेश मिश्रा, बालेश्वर सिंह, युगांत पांडेय, राधे मिश्रा, संजीव मिश्रा, धाम वर्मा, शिवांशी सिंह, यामिनी जोशी, जया पांडेय, ममता वर्मा, ज्योति केसर, रागिनी दुबे, सुकू चौहान और नीलू यादव मुख्य भूमिका में होंगे। संगीत मुन्ना दुबे का है। कोरियोग्राफर प्रवीण सालार है। एक्शन प्रदीप खड़का का है, ईपी शैलेंद्र सिंह और डीओपी जहांगीर सैयद हैं।

## विक्की कौशल ने छावा की शूटिंग पूरी की

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी आने वाली फिल्म छावा की शूटिंग पूरी कर ली है। विक्की कौशल इन दिनों फिल्म 'छावा' को लेकर चर्चा में हैं। 'छावा' का रैपअप हो गया है, जिसकी जानकारी विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर दी है। विक्की ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप शेयर किया है, जिसमें झमाझम बारिश होती दिखाई दे रही है। बारिश वाले क्लिप के साथ विक्की कौशल ने एक इमोशनल पोस्ट भी लिखा है। वीडियो के साथ कैप्शन में विक्की ने लिखा, छावा की शूटिंग अविश्वसनीय रुप से भावुक और ड्रामाटिक जर्नी बिना कुछ ड्रामा के खत्म नहीं हो सकती थी। मैं इस जर्नी के बारे में बहुत कुछ कहना चाहता हूं, मैं अभी बहुत कम बता पा रहा हूं...हो सकता है कि कुछ दिनो में जब सब कुछ समझ आ जाए। अब मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि मेरा दिल कृतज्ञता, प्यार और संतुष्टि से भरा है...इट्स ए रैप!!!'

## आदिशक्ति वर्कशॉप ने मुझे गहरी समझ दी-अपूर्वा अरोड़ा

मुंबई/एजेन्सी



हाल ही में स्ट्रीमिंग सीरीज 'फैमिली आज कल' में नजर आने वाली अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा ऑरोविले में आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेने के बाद रविवार को मुंबई लौट आईं। एक्ट्रेस ने वर्कशाप में अपनी दिनचर्या के बारे में बात की और कहा कि इससे उन्हें एक कलाकार के रूप में खुद के बारे में गहरी समझ मिली है। अभिनेत्री ने आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेने की इच्छा मन में रखी थी। हालांकि उनका व्यस्त कार्यक्रम और अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता हमेशा उनकी योजनाओं में बाधा बनती थी। इस बार अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद वह वर्कशॉप के लिए समय निकालने में सफल रहीं। अपने अनुभव पर बात करते हुए अपूर्वा ने कहा कि यह बेहद समृद्ध और परिवर्तनकारी था, जिससे उन्हें अभिनय और जीवन पर एक नया दृष्टिकोण मिला।

अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए अपूर्वा ने आईएएनएस को बताया, मैं वर्षों से आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेना चाहती थी, लेकिन मेरी कार्य प्रतिबद्धताओं ने मुझे कभी ऐसा करने की अनुमति नहीं दी। इस बार मैंने इसे प्राथमिकता दी और मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। वर्कशॉप ने न केवल मेरे अभिनय कौशल को बढ़ाया है, बल्कि कलाकार के रूप में मुझे गहरी समझ भी दी है। यह वास्तव में जीवन बदलने वाला अनुभव था।'' उन्होंने ऑरोविले में रहने के दौरान की अपनी दिनचर्या भी शेयर की, साथ ही अपनी सीखने की प्रक्रिया के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि मैंने कई अलग-अलग तरह की कक्षाएं लीं, जिनमें केरल का मिझावु ड्रम बजाना सीखना, पानी के भीतर सांस लेने के व्यायाम और कलरीपायट्टु सीखने के साथ चरित्र निर्माण में सहायता के लिए विभिन्न उपकरण सीखने पर ध्यान केंद्रित किया। हम सुबह 7 बजे रिपोर्ट करते थे। कक्षाएं सुबह 9 बजे तक चलती हैं, कभी-कभी देर तक भी चलती थीं। बीच-बीच में छोटे-छोटे ब्रेक होते थे, लेकिन वह ज्यादातर काम करने और अगली कक्षा के लिए तैयारी करने में व्यतीत होता था। अपूर्वा अगली बार रोहन सिप्पी के निर्देशन में बनी फिल्म 'अनरियल' में नजर आएंगी।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

बेंगलूरु के रचनाकारों की सुप्रसिद्ध साहित्य संस्था 'शब्द' की गत रविवार को आयोजित मासिक रचनागोष्ठी मुंबई, दिल्ली एवं बनारस से पधारे नामचीन कवियों एवं कथाकारों की शिरकत से अविस्मरणीय बन गयी।



# साध्वीश्री धर्मप्रभा व स्नेह प्रभा पहुंचीं विल्सन गार्डन

## इस वर्ष का चातुर्मास हनुमंतनगर में होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। साध्वीश्री धर्मप्रभाजी व स्नेहप्रभाजी का रविवार को नगर प्रवेश श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ विल्सन गार्डन के तत्वावधान में हुआ। विल्सन गार्डन संघ की ओर से मीठालाल मकाना ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर हनुमंतनगर संघ की ओर से अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी, मंत्री सुरेश धोका ने कहा कि इस वर्ष हनुमंतनगर चातुर्मास में साध्वीद्वय के सान्निध्य में धर्म की गंगा बहेगी और आध्यात्मिक, शैक्षणिक चातुर्मास होगा। साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए चातुर्मास काल में ज्यादा से ज्यादा धर्म ध्यान करने की प्रेरणा दी एवम विल्सन गार्डन संघ को साधुवाद दिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विल्सन गार्डन के अध्यक्ष नेमीचंद भंसाली, मंत्री सज्जनराज बोहरा , कोषाध्यक्ष उत्तमचंद पिछोलिया, संयोजक माणक बोहरा, हनुमंतनगर से उपाध्यक्ष हुक्मीचंद बाफना, पारसमल दुग्गड, नेमीचंद दक, सहमंत्री संजय सिंघवी, पूर्व अध्यक्ष कल्याणसिंह भुरड़, हुक्मीचंद कांकरिया, पूर्व मंत्री भवरलाल गादिया, पूर्व कोषाध्यक्ष ताराचंद भंडारी, शांतिलाल भंडारी सहित श्रीरामपुरम, हलसूर, राजाजीनगर, यशवंतपुर व अन्य संघों से पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मीठालाल मकाना ने किया।





# कविता संक्रामक होगी तो दुनिया सुंदर होगी : प्रो श्रीप्रकाश शुक्ल

## 'शब्द' की गोष्ठी में नामी साहित्यकारों से सजा मंच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के रचनाकारों की सुप्रसिद्ध साहित्य संस्था 'शब्द' की गत रविवार को आयोजित मासिक रचनागोष्ठी मुंबई, दिल्ली एवं बनारस से पधारे नामचीन कवियों एवं कथाकारों की शिरकत से अविस्मरणीय बन गयी। मुख्य अतिथि प्रो श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा कि विचारों के प्रसार का समर्थ वाहक शब्द बुनियादी तौर पर ज्योतिपुंज होता है।शब्द इकाई रूप में भले ही निजी विचारों का वाहक होता है, किंतु निज की भी सामूहिकता होती है और वह कितनी प्रभावकारी होती है, उससे आज परिचित होने का सुअवसर मिला। उन्होंने कहा कि कविता आदिम विधा है, जो आत्म को सामाजिक तथा सामाजिक को आत्मीय बनाती है । इस मायने में कविता संक्रामक विधा है। कविता जितनी संक्रामक होगी, दुनिया उतनी ही सुंदर होगी। समय लौटकर वापस नहीं आता, किंतु कविता बार-बार लौटकर आती है और सत्य, जो साहसिकता है तथा धर्म, जो नतिकता है, का पाठ पढ़ाती है। इसलिए कविता का मूल उद्देश्य सत्य और धर्म की रक्षा करना है। प्रो शुक्ल ने इस अवसर पर अपनी कविताएँ भी सुनाईं ।

रचनागोष्ठी में विख्यात कथाकार सुधा अरोड़ा ने साहित्यिक संस्मरणों के माध्यम से रचनाकार और समाज के रिश्ते को रेखांकित किया तथा कहा कि साहित्य की संगति सर्जक के जीवट को परम बनाती है।

उन्होंने रविवार को विश्व मातृ दिवस होने की चर्चा करते हुए मानवीय संबंधों पर केंद्रित कविताएं भी सुनाईं।रचनागोष्ठी में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि विनोद कुमार श्रीवास्तव ने मानवीय अनुभूति और संबंधों को उद्घाटित एवं व्याख्यायित करती कई उम्दा कविताएं सुनाईं। चर्चित कथाकार भालचंद्र जोशी ने इस अवसर पर मनुष्य-जीवन और साहित्य के लिए रचनाकार की अवलोकन दृष्टि को महत्त्वपूर्ण बताया। 'शब्द' के अध्यक्ष श्रीनारायण समीर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह समय विज्ञान का है और विज्ञान की चेतना में बुद्धि एवं विवेक का बोलबाला होता है, जबकि कविता में संवेदना और करुणा की भूमिका सर्वोपरि होती है ।

बाजार और टेक्नोलॉजी के आगमन से आज विवेक पर भोग हावी हुआ है । जो व्यवस्था आदमी को अविवेकी और भोगवादी बनाती हो, उसका विरोध करना कविता का स्वभाव है। आज के संकटपूर्ण समय में मनुष्य समाज को कविता की सर्वाधिक जरूरत है। संकट में मनुष्य मातृभाषा बोलता है और कविता मनुष्यता की मातृभाषा होती है ।

वरिष्ठ कवि अनिल विभाकर के काव्य पाठ से शुरू हुई रचनागोष्ठी में युवा कवि दीपक सोपोरी, कविता भट्ट, ऋताशेखर मधु, नलिनी पोपट, विद्या कृष्णा, उषारानी राव, श्रीकांत शर्मा, राजेन्द्र गुलेच्छा, रामरतन सिंह, वरुण सिंह तन्हा, कुमार गोरख देवेन्द्र, मैथिली राव, बिंदु रायसोनी और किशोर कवयित्री श्रेयसी राव की कविताएं श्रोताओं द्वारा खूब सराही गयीं । इस मौके पर कुमार गोरख देवेन्द्र के काव्य संग्रह 'बिखरे रंग हजार' का लोकार्पण भी हुआ । कार्यक्रम का प्रभावी संचालन 'शब्द' की सचिव उषारानी राव ने किया । आयोजन में 'शब्द' पुरस्कारों के वित्त पोषक बाबूलाल गुप्ता और श्रीकांत पाराशर की उपस्थिति उत्सावर्धक रही ।

# जीतो साउथ चैप्टर द्वारा 7 से 9 जून को 'युवा महोत्सव', तैयारियां शुरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारत भर के जीतो युवाओं में नेटवर्किंग बढ़ाने, उत्पादक विचारों को समझने एवं विभिन्न आकर्षक गतिविधियों में भागीदारी का एक मंच प्रदान करने के उद्धेश्य से जीतो बेंगलूरु साउथ के युवा विंग द्वारा आगामी 7 से 9 जून तक जून को एक युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस युवा महोत्सव का जीतो साउथ द्वारा जून में आयोजित होने वाले विशाल आयोजन जीतो ग्रोथ समिट के एक हिस्से के रूप में आयोजन होगा। महोत्सव की तैयारियों हेतु आयोजित बैठक में जीतो साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने कहा कि युवा महोत्सव युवा सदस्यों को अपने कौशल को बढ़ाने, अपने ज्ञान का विस्तार करने और समान विचारधारा वाले व्यक्तियों और पेशेवरों से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

जीतो साउथ के युवा विंग अध्यक्ष पिंकेश मेहता ने जानकारी दी कि युवा महोत्सव में प्रतिभागियों की संख्या 600+ होने की उम्मीद है। महामंत्री संदीप पगारिया के अनुसार जीतो यूथ फेस्टिवल से बहुत से अनुभव प्राप्त होते हैं, जिनमें नया ज्ञान, कौशल और संपर्क शामिल हैं। जीतो साउथ महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल ने व्यवसायिक विकास एवं आपसी संबंधों में वृद्धि हेतु युवाओं को मिल रहे इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर जीतो साउथ के तथा युवा विंग के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे।

# मालानी बने जिनकुशल दादावाड़ी के अध्यक्ष और गुलेच्छा फिर बने महामंत्री

## जिनकुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी गठित



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी की नई कार्यकारिणी का गठन दादावाड़ी आराधना भवन में हुआ। बैठक में पूर्व अध्यक्ष निर्भयलाल गुलेच्छा ने सभी का स्वागत किया और पिछले कार्यकाल में सम्पन्न हुए कार्यों के लिए समस्त कार्यकारिणी सदस्यों के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने पिछले कार्यकाल में हुए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष रनजीत ललवानी ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर तेजराज मालानी के लिए सहमति बनी और अध्यक्ष घोषित किए गए। मालानी ने ने नई कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया और आगामी दो वर्षों के कार्यक्रमों की रुपरेखा बताई । उन्होंने कहा कि संघ में नए और ऊर्जावान सदस्यों को जोड़ने के साथ संघ के महत्वपूर्ण दिवस जैसे चातुर्मास प्रवेश, वार्षिक ध्वजारोहण, दादा गुरुदेव मेला कार्यक्रमों में संघ के अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ते हुए उनकी उपस्थिति में भव्यातिभव्य रुप से मनाना ट्रस्ट के मुख्य उद्देश्यों में एक है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल भंसाली और उपाध्यक्ष तनसुखराज गुलेच्छा को बनाया गया। महामंत्री के रुप में कुशलराज गुलेच्छा की घोषणा की गई। नवनियुक्त महामंत्री ने विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। कोषाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी रनजीत ललवानी को सौंपी गई है। संयुक्त सचिव के पद पर धर्मेन्द्र संकलेचा को नियुक्त किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता की जिम्मेदारी अरविन्द कोठारी को दी गई। अन्य कार्यकारी सदस्यों में पूर्व अध्यक्ष निर्भयलाल गुलेच्छा, सुरेंद्रकुमार रांका, अरविन्द कोठारी, अशोक शाह, मूलेश मालू, पारसमल पगारिया, मनोजकुमार भन्साली, कुशल डोसी, नरेंद्र पारख, अशोक चोपडा, कैलाश संकलेचा को शामिल किया गया। सलाहकार सदस्यों के रुप में महेंद्र कुमार रांका, तेजराज गुलेच्छा, विजयराज डोसी, घेवरचंद साकरिया, तिलोकचंद बोथरा, महेंद्र कुमार भन्साली के साथ पदेन सदस्यों में पुखराज कावड़, उम्मेदमल बाफना, अनिल भडकतिया, रमेश गुलेच्छा, किरण भन्साली को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया और प्रचार प्रसार संयोजक की जिम्मेदारी ललित डाकलिया को सौंपी गई।

## राहतकार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद बेंगलूरु शाखा द्वारा राहगीरों के लिए जगह जगह शुद्ध एवं शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया गया। शहर के मिनर्वा सर्कल, सुदामा नगर, सदर पत्रपा रोड, चिकपेट, एवेन्यू रोड, ओल्ड तरगुपेट, बीवीके आयंग्गार रोड, मलेश्वरम, हलसूर, जुम्मा मस्जिद रोड में वाटर डिस्पेंसर लगाए गए है।

# 'जीवन को सुखमय संयमयात्रा बनाना सर्वोत्तम कला है'

निपाणी/दक्षिण भारत। स्थानीय चन्द्रप्रभ जैन श्वेताम्बर जैन संघ में प्रवचन के दौरान आचार्य श्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि जीवन तो पशु-पक्षी का भी है, मानव का भी है और महामानव का भी है।

दिन-रात-माह-पक्ष और सप्ताह यूहीं गतिमान है, काल की गति निरंतर है। काल पर कोई आज्ञा का साम्राज्य जमाकर उसे रोक नहीं सकता । जीना अलग है।

जीवन को यात्रा बनाना अलग है और जीवन को संयम यात्रा बनाना साधना है। जीवन को सुखमय संयमयात्रा बनाना मात्र कला नहीं सर्वोत्तम कला है।





# माँ के आँचल में संसार की सारी खुशियाँ हैं : आचार्यश्री प्रसन्नसागर

## संभवनाथ भवन में आज से शुरु होगा धर्म व संस्कार शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दिगम्बर आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी के सान्निध्य में रविवार को शाम ' एक शाम गुरुवर के नाम' भक्ति संध्या का आयोजन होसूर रोड स्थित सत्यसाई संस्कृत सदनम में किया गया। जिसमें भजन गायक हेमंत ब्रजवासी एवं ब्रजवासी ब्रदर्स ने गुरु को समर्पित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी।

आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी महाराज ने माँ की महिमा बताते हुए कहा कि पत्नी पसंद से मिलती है पर माँ किस्मत से मिलती है। माँ पृथ्वी की तरह सहनशील है, उसकी ममता सागर की तरह अथाह है, उसके अहसान आकाश की तरह अंतहीन है। माँ का प्यार संसार का सबसे अनोखा प्यार है। माँ बच्चे को नहलाती है, धुलाती है, साफ, सुथरा करती है और तैयार करके उसके गाल पर काला टीका लगा देती है ,यही माँ का प्यार है। रात में मां स्वयं गीले में सोती है पर अपने बच्चें को सूखे बिस्तर पर सुलाती है, यहीं मां है। माँ के आँचल में संसार की सारी खुशियाँ हैं , माँ के गोद में जो सुकून मिलता है , वो संसार के किसी भी स्वर्ग में भी नहीं मिलता है । संसार की सुंदरता माँ की खूबसूरती के सामने तुच्छ है। माँ सिर्फ माँ है और सिर्फ ममता ही उसकी पहचान है। संतश्री ने बताया कि अनोखा संस्कार शिविर का प्रारंभ मंगलवार से वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन भवन में होगा।

# तेयुप राजाजीनगर द्वारा कर्नाटक स्तरीय भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी एवं उदितयशाजी के सान्निध्य में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा कर्नाटक स्तरीय भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा की अध्यक्षता में हुई। रमेश डागा द्वारा श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया गया। तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने सभी का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अभातेयुप द्वारा निर्देशित भिक्षु दर्शन कार्यशाला पर प्रकाश डाला। साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी ने एक दृष्टांत के माध्यम से बताया कि मुनि थिरपालजी एवं मुनि फतेहचंदजी स्वामी ने आचार्य श्री भिक्षु से निवेदन किया कि अपने मौन का त्याग करते हुए जन-जन को भगवान महावीर के सिद्धांत से अवगत करवाये। स्वामीजी से संबंधित अनेक दृष्टान्त से उपस्थित जन वेदनी से अवगत करवाया। आचार्यश्री भिक्षु ने धनवंतरी के रूप में जैन सिद्धान्त को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। साध्वीश्री उदितयशाजी ने कहा कि जो भिक्षु दर्शन को समझ पायेगा वह उलझन को सुलझाएगा, धर्म की परिभाषा का विश्लेषण करते हुए स्वामीजी की गौरव गाथा सुनाई। साध्वीश्री संगीतप्रभाजी ने आचार्यश्री भिक्षु द्वारा लिखित मर्यादाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में लगभग 200 सदस्यों की रही उपस्थिति जिसमें लगभग 80 सदस्यों ने साध्वीश्री द्वारा एक वर्ष में भिक्षु दर्शन पुस्तक का स्वाध्याय करने का संकल्प किया।

कार्यशाला के प्रायोजक गुरु पुनवानी के हनुमानमल संजय बैद, रोशनलाल दिनेश पोखरणा, मनोहरलाल गौतमचंद गन्ना एवं गौतमचंद संपतलाल दक परिवार रहे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि विमल कटारिया, विशिष्ट अतिथि अभातेयुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मांडोत, दिनेश पोखरणा, संभाग प्रमुखअमित दक, राजाजीनगर सभा अध्यक्ष रोशनलाल कोठारी, महिला मंडल अध्यक्षा उषा चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में कोप्पल, चिकमगलूर, गांधीनगर, विजयनगर, हनुमंतनगर, दासरहल्ली, राजराजेश्वरीनगर, यशवंतपुर, राजाजीनगर के सदस्य एवं श्रावक-श्राविका उपस्थित थे। मंच संचालन राजेश देरासरिया एवं संयोजक सतीश पोरवाड़ ने धन्यवाद दिया।



## तप सम्मान

बेंगलूरु के ब्यावर संघ युवा शाखा के सदस्यों ने वर्षीतप तपस्वी विजयलक्ष्मी अरविन्द कोठारी, अक्षय भागचंद श्रीश्रीमाल का सम्मान किया। युवा अध्यक्ष ललित डाकलिया ने अपनी टीम के साथ दोनों तपस्वियों का सम्मान किया तथा तप की अनुमोदना की। इस मौके पर युवा संघ व मुख्य शाखा के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# जीतो के रक्तदान शिविर में युवाओं ने दिखाया उत्साह

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत । शहर के जीतो चैप्टर द्वारा मदर्स डे के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कर्नाटक कैंसर थेरेपी एवं अनुसंधान संस्थान की टीम के सहयोग से आयोजित इस शिविर का नेतृत्व डॉ. बीआर पाटिल और डॉ. उमेश हल्लीकेरी ने किया। इस शिविर में बड़ी संख्या में युवा वर्ग ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।



संस्था की ओर से सभी रक्तदानदाताओं का सम्मान कर उन्हें प्रमाणपत्र दिया गया। इस मौके पर जीतो के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष भवरलाल जैन, शरद मोमाया, वीरेंद्र चेड्डा, गीता चेड्डा, प्रवीण चौधरी, श्रीपाल मेहता, राजन जैन, धर्मेंद्र जैन, आशीष नाहटा आदि ने शिविर की व्यवस्था संभाली।

# साधक जिनवाणी पर सच्ची श्रद्धा रखें : साध्वीश्री विपुलदर्शना

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन में साध्वीश्री विपुलदर्शनाजी ने सोमवार को जैन स्थानक में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि साधक जिनवाणी पर सच्ची श्रद्धा रखें। उन्होंने भगवान महावीर के उपदेशों की प्रासंगिकता प्रकट करते हुए कहा कि प्रभु महावीर ने संसारी जीवों को तारने के लिए जिनवाणी का श्रवण करवाया है। जिनेन्द्र भगवान के वचनों का अनुसरण करने वाले एवं जिनवाणी को श्रवण कर अपने जीवन में सम्यक आचरण करने वाला जीव परित संसारी बन सकता है। आज व्यक्ति की हालत यह हो गई कि जब कुछ काम नहीं हो या जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों का निर्माण होने पर ही इंसान को देव गुरु धर्म, जिनवाणी की याद आती है। उन्होंने कहा कि मोक्ष का रिजर्वेशन करना है तो धर्माराधना को जीवन में उचित स्थान देना ही होगा। हनुमंतनगर संघ के अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संघ मंत्री सुरेशकुमार धोका ने किया।

अंतर्मना 108 आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी म. के सान्निध्य में बेंगलूरु में प्रथम बार

पंच दिवसीय आध्यात्मिक ज्ञान, ध्यान,शिक्षण, संस्कार शिविर में

आप आएँ, अपनों को लाएँ



अंतर्मना आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी महाराज

प्रिय आत्मन अनन्त प्रेम,
शुभसंशाओं सहित आशीर्वाद,

आप सभी स्वस्थ प्रसन्न होंगे। घर, परिवार, संसार की आपाधापी में, तेजगति से दौड़ते हुए समय की नजाकत को ध्यान में रखते हुए,मेरे दिल में ख्याल आया कि क्यों ना आप अपनों से अपने आपके समय के मूल्य को वसूलने के लिए कुछ समय के लिये जीवन जीने के सूत्रों को जानकर अधमरे जीवन को जीवन्त करें, और अपने जीवन की दिशा और दशा को बदलें। यह वक्त दूसरों को सुधारने का नहीं है, बल्कि स्वयं सुधरने और सम्भल कर चलने का है। पंच दिवसीय आध्यात्मिक ज्ञान, ध्यान, शिक्षण, संस्कार शिविर में आकर जीवन के मूल्यों को जीयें, जानें और जीने का प्रयास करें। अंतर्मना

पंच दिवसीय आध्यात्मिक ज्ञान, ध्यान,शिक्षण, संस्कार शिविर 14 से 18 मई 2024

सुबह 5.45 से 8.45 एवं शाम 6.30 से 8.45

स्थल : श्री सम्भवनाथ जैन भवन
101, डायगनल रोड, वीवी पुरम,बेंगलूरु 04

सम्पर्क सूत्र- 09900991793 - 07022997003 09886074597 - 09986112275

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com